रोहतक
बुधवार, 29 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 269
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 30.6
न्यून. 14.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 84,219.39 | 559.45 ▼ |
| निफ्टी | 25,936.20 | 29.85 ▼ |
| **धातु** | **कीमत** | **गिरावट** |
| सोना | 1,21,800/- | 4100/- ▼ |
| चांदी | 1,45,000/- | 6250/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 88.29 | 10 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 64.48 बैरल 1.74% ▼
पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।



## रत्नावली महोत्सव का शुभारंभ
### गौरवशाली विरासत माटी की महक व जीवंत लोक जीवन की अद्भुत झांकी

### 3500 युवा कलाकारों की होगी भागीदारी



सीएम नायब सिंह सैनी ने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का विधिवत रूप से शुभारंभ किया।

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा की समृद्ध लोक-संस्कृति और कला परंपरा को सहेजने वाले राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव का कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्सव हरियाणा की गौरवशाली विरासत, हमारी माटी की महक और लोक जीवन की झलक प्रस्तुत करता है। यह विद्यार्थियों को न केवल अपने व्यक्तित्व को निखारने का अवसर देता है, बल्कि उन्हें अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करने की भावना से भी ओतप्रोत करता है। रत्नावली महोत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी जड़ों और पहचान को पुनर्जीवित करने का एक प्रेरक मंच है।

### पीएम मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में बड़े फैसले

# 8वें वेतन आयोग की शर्तों को मंजूरी जनवरी-2026 से हो सकता है लागू

## 50 लाख कर्मियों व 69 लाख पेंशनर्स को लाभ, आयोग 18 माह में देगा रिपोर्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

*वेतन आयोग केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन, भत्तों और अन्य सुविधाओं में संशोधन संबंधी सिफारिशें करेगा। आयोग को अपने गठन की तारीख से 18 माह के भीतर अंतिम रिपोर्ट और उससे पहले अंतरिम रिपोर्ट पेश करनी होगी। मंत्रिमंडल का यह निर्णय आयोग को स्थापित करने की जनवरी, 2025 में दी गई सैद्धांतिक मंजूरी के नौ माह बाद आया है। यह फैसला बिहार विधानसभा के लिए छह एवं 11 नवंबर को होने वाले मतदान के ऐन पहले लिया गया है।*

केंद्र सरकार ने मंगलवार को आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन से संबंधित नियमों एवं शर्तों को मंजूरी दे दी। आयोग 18 महीने में अंतिम रिपोर्ट देगा लेकिन एक जनवरी, 2026 से ही उसकी सिफारिशें प्रभावी होने की संभावना है। इन सिफारिशों से केंद्र सरकार के करीब 50 लाख कर्मचारी और 69 लाख पेंशनभोगी लाभान्वित होंगे। इसके साथ ही इसकी अनुशंसाओं का प्रभाव राज्य सरकारों के कर्मचारियों के वेतन ढांचे पर भी पड़ेगा। उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई को आयोग की कमान सौंपी गई है। आयोग अपनी अंतिम रिपोर्ट 18 महीनों में देगा, जबकि समय-समय पर अंतरिम रिपोर्टें भी देता रहेगा। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को इस फैसले की जानकारी दी।

### आपके लिए ये जानना जरूरी है

बेसिक सैलरी में कितनी बढ़ोतरी होगी, ये फिटमेंट फैक्टर और डीए मर्जर पर निर्भर करता है। 7वें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 2.57 था। 8वें में ये 2.46 हो सकता है। हर वेतन आयोग में डीए जीरो से शुरू होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि नई बेसिक सैलरी पहले से ही महंगाई को ध्यान में रखकर बढ़ाई जाती है। इसके बाद डीए फिर से धीरे-धीरे बढ़ता है। अभी डीए बेसिक पे का 55% है। डीए के हटने से टोटल सैलरी (बेसिक + डीए + एचआरए) में बढ़ोतरी थोड़ी कम दिख सकती है, क्योंकि 55% डीए का हिस्सा हट जाएगा।



*हर वेतन आयोग में डीए जीरो हो जाता है। नई बेसिक महंगाई के हिसाब से तय होती है।*

*मान लीजिए, आप लेवल 6 पर हैं और 7वें वेतन आयोग के हिसाब से आपकी मौजूदा सैलरी है*
बेसिक पे :35,400
डीए (55%): 19,470
एचआरए (मेट्रो, 27%): 9,558
टोटल सैलरी : 64,428
8वें वेतन आयोग में अगर फिटमेंट 2.46 लागू होता है, तो नई सैलरी होगी:
नई बेसिक पे : 35,400X2.46 = 87,084
डीए : 0% (रीसेट)
एचआरए (27%): 87,084 X 27% = 23,513
टोटल सैलरी: 87,084 + 23,513 = 1,10,597

**फिटमेंट फैक्टर क्या है**
ये एक मल्टीप्लायर नंबर है, जिसे मौजूदा बेसिक सैलरी से गुणा करके नई बेसिक सैलरी निकाली जाती है। इसे महंगाई और लिविंग कॉस्ट को ध्यान में रखकर तय किया जाता है।

**छठा वेतन आयोग**
20 अक्टूबर 2006 को स्थापित हुआ रिपोर्ट मार्च 2008 में तैयार होकर सरकार के पास पहुंची। अगस्त 2008 में रिपोर्ट को मंजूरी मिली और सिफारिशें 1 जनवरी 2006 से लागू हुईं।

**7वां वेतन आयोग**
फरवरी 2014 में ये बना और मार्च 2014 तक टर्म्स ऑफ रेफरेंस फाइनल हो गए। रिपोर्ट नवंबर 2015 में सौंपी गई। जून 2016 में अप्रूव किया। सिफारिशें 1 जनवरी 2016 से लागू हो गईं।

### गैर-यूरिया उर्वरकों पर 37,952 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को चालू 2025-26 रबी सत्र के लिए गैर-यूरिया उर्वरकों फॉस्फोरस और सल्फर पर 37,952 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी। हालांकि, नाइट्रोजन और पोटाश के लिए सब्सिडी दर में बदलाव नहीं किया गया है। ये दरें एक अक्टूबर, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक प्रभावी रहेंगी। मंत्रिमंडल ने चालू रबी सत्र के लिए फॉस्फेट सब्सिडी को 43.60 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़ाकर 47.96 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया है। इसी प्रकार सल्फर की सब्सिडी 1.77 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़ाकर 2.87 रुपये प्रति किलोग्राम कर दी गई है।

## प्रदेश में 2027 की जनगणना की तैयारी 1 से 7 नवंबर तक स्व-गणना का विकल्प

*हाउस लिस्टिंग सर्वे 10 से 30 नवंबर तक*

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग (जनगणना शाखा) ने अधिसूचना जारी कर हरियाणा में वर्ष 2027 की जनगणना की तैयारी के तहत पहले चरण के पूर्व-परीक्षण की तिथियां घोषित कर दी हैं। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, हरियाणा राज्य के चयनित नमूना क्षेत्रों में हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना का कार्य 10



नवंबर 2025 से 30 नवंबर 2025 तक किया जाएगा। स्व-गणना के लिए डिजिटल विकल्प भी उपलब्ध जनगणना के पहले चरण में नागरिकों की सुविधा के लिए स्व-गणना की भी व्यवस्था की है।

### ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे जानकारी

इसके तहत राज्य के लोग 1 नवंबर से 7 नवंबर तक स्वयं अपने घर की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दर्ज कर सकेंगे।
**उद्देश्य:** जनगणना प्रक्रिया को सटीक और पारदर्शी बनाना इस पूर्व-परीक्षण का उद्देश्य आगामी जनगणना की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और तकनीक आधारित बनाना है।

## खबर संक्षेप

### भारत में एक साल तक फ्री हुआ चैट जीपीटी गो


**नई दिल्ली।** ओपन एआई ने भारत के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए घोषणा की है कि 4 नवंबर 2025 से सभी भारतीय यूज़र्स को चैट जीपीटी गो का एक साल का मुफ्त एक्सेस दिया जाएगा। यह ऑफर कंपनी के पहले देव डे एक्सचेंज इवेंट के साथ बेंगलुरु में लॉन्च किया जाएगा। यह पहल भारत में तेजी से बढ़ रहे एआई उपयोगकर्ताओं को ध्यान में रखते हुए की गई है। *एजेंसी*




### दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर बस में आग लगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर मंगलवार दोपहर एअर इंडिया के विमान से कुछ मीटर दूर खड़ी एक बस में अचानक आग लग गई। यह बस एअर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की थी, जो कई एयरलाइंस के लिए ग्राउंड सर्विस देती है। आग लगने के समय बस में कोई यात्री मौजूद नहीं था। फिलहाल यह साफ नहीं हो सका है कि इस घटना में कोई घायल हुआ या नहीं। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। *एजेंसी*

### बेंगलुरु में ब्राजीलियन मॉडल से छेड़छाड़



**बेंगलुरु।** पुलिस ने एक ब्लिंकिट डिलीवरी एजेंट को ब्राज़ीलियाई मॉडल से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह घटना 17 अक्टूबर को हुई थी और गिरफ्तारी 25 अक्टूबर को दर्ज कराई गई शिकायत के बाद हुई। आरोपी की पहचान आरटी नगर निवासी कुमार राव पवार के रूप में हुई है। वह बेंगलुरु के एक प्राइवेट कॉलेज का छात्र है और ब्लिंकिट में पार्ट-टाइम काम कर रहा है। *एजेंसी*



## आंध्र तट से टकराया मोन्था ट्रेनें रद्द, महिला की मौत

**समुद्री लहरों से किनारों के घर गिरे**
**आज सुबह ओडिशा पहुंचेगा**

**अमरावती।** तूफानी चक्रवात मोन्था मंगलवार शाम 7 बजे के करीब आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम तट से टकराया। इससे लैंडफॉल प्रोसेस शुरू हो गया। यहां 100 किमी की रफ्तार से हवाएं चलीं। समुद्री लहरों से किनारों के कई घर गिर गए। तूफान के पूरी तरह से टकराने के बाद हवा की रफ्तार 110 किमी तक चली गई। इस दौरान समुद्र में 5 मीटर (16 फीट) तक ऊंची लहरें उठी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार ओडिशा से तूफान बुधवार सुबह टकराएगा। इसका असर आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, बंगाल और ओडिशा के जिलों में देखा जा रहा है। इन राज्यों में 80-90 किमी तक हवा चली। कई जगह पेड़ उखड़ गए। समुद्र तटों पर ऊंची लहरे उठी। चारों तटीय राज्यों के तटीय इलाकों से 50 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। सोमवार-मंगलवार को दक्षिण मध्य रेलवे जोन की कुल 120 ट्रेनें कैंसिल की गई हैं। इसके अलावा विशाखापट्टनम एयरपोर्ट से सभी 32 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं। वहीं, घर पर पेड़ गिरने से एक महिला की मौत हो गई और दो घायल हो गए।

## राष्ट्रपति मुर्मू आज अंबाला से राफेल लड़ाकू विमान से भरेंगी उड़ान

*ऐसा करने वाली तीसरी शख्सियत बनेंगी*



**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को हरियाणा में अंबाला वायु सेना अड्डे से राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरेंगी। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान राफेल लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया था। पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम और प्रतिभा पाटिल ने क्रमशः आठ जून 2006 और 25 नवंबर 2009 को पुणे के पास लोहेगांव स्थित वायुसेना अड्डे से सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से उड़ान भरी थी। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर मुर्मू ने आठ अप्रैल, 2023 को असम के तेजपुर वायु सेना अड्डे से सुखोई-30 लड़ाकू विमान से उड़ान भरी। मुर्मू बतौर राष्ट्रपति इस लड़ाकू विमान से उड़ान भरने वाली तीसरी शख्सियत और दूसरी महिला राष्ट्राध्यक्ष बनीं।

### फ्रांस से आए विमान

राष्ट्रपति भवन की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को हरियाणा के अंबाला जाएंगी, जहां वह राफेल से उड़ान भरेंगी। फ्रांस की कंपनी दसॉल्ट एविएशन द्वारा निर्मित राफेल लड़ाकू विमान को औपचारिक रूप से सितंबर 2020 में वायु सेना अड्डा, अंबाला में भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया था। पहले पांच राफेल विमानों को 17वीं स्क्वाड्रन 'गोल्डन एरो' में शामिल किया गया था। ये विमान 27 जुलाई, 2020 को फ्रांस से लाए गए थे।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाला शख्स दिल्ली से गिरफ्तार

**कई साल से खुफिया जानकारी भेज रहा था**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मंगलवार को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि वह अपने भाई अख्तर हुसैनी के साथ मिलकर पाकिस्तान को सेंसिटिव जानकारी सप्लाई कर रहा था। इसके अलावा नकली दस्तावेज का इस्तेमाल करके कई भारतीय पासपोर्ट बना रहा था। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि पकड़े गए शख्स का नाम आदिल है। जमशेदपुर निवासी आदिल नकली पासपोर्ट बनाने के रैकेट से भी जुड़ा था। वह कई साल से दिल्ली में रह रहा था। पुलिस को आदिल के पास से कई नकली पासपोर्ट मिले हैं।

## समोसे की कढ़ाही में जा गिरा दो साल का मासूम

**बागेश्वर धाम में दर्दनाक हादसा**

**छतरपुर (हरिभूमि न्यूज)।** जिले के बागेश्वर धाम में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां समोसे की दुकान पर खौलते तेल की कढ़ाही में गिरने से दो साल का मासूम बच्चा बुरी तरह झुलस गया। दादी ने उसे बचाने का प्रयास किया, इस दौरान उनके भी हाथ जल गए। फिलहाल, बच्चे और उसकी दादी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजस्थान के अजमेर जिले के किशनगढ़ के रहने वाले हरिओम वैष्णव अपनी मां सरिता और दो साल के बेटे राघव के साथ बागेश्वर धाम दर्शन करने आए थे। बालाजी महाराज के दर्शन के बाद वे सोमवार शाम को धाम परिसर में एक हाथ ठेला समोसे की दुकान पर नाश्ता कर रहे थे। इस दौरान हादसा हो गया।

*धोखे से सेना में भर्ती किया*

## रूस-यूक्रेन युद्ध में एक और हरियाणवी की मौत, 5 लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

रूस-युक्रेन युद्ध में हरियाणा के एक और युवक की मौत हो गई है। इस बार हिसार के गांव मदनहेड़ी के 28 वर्षीय सोनू की मौत की पुष्टि हुई है। सोनू के बड़े भाई अनिल ने बताया कि सोनू को जबरन रूसी आर्मी में भर्ती कर युद्ध में भेजा गया था। रूस आर्मी के कमांडर का फोन उनके पास आया, जिसमें बताया कि यूक्रेन के ड्रोन अटैक में सोनू मारा गया है। सोनू के शव को एयरलिफ्ट कर बुधवार सुबह तक भारत लाया जा सकता है। इससे पहले कैथल के 22 वर्षीय कर्मचंद की मौत हो गई थी। उसे भी धोखे से रशियन आर्मी में भर्ती किया गया था।

### 27 युवाओं की लिस्ट जारी

पिछले दिनों विदेश मंत्रालय की ओर से 27 युवाओं की लिस्ट जारी हुई थी, जिनके रूस की आर्मी में भर्ती होने की पुष्टि थी। इनमें हरियाणा के 7 नाम थे। इनमें फतेहाबाद, हिसार व कैथल के 2-2 और एक कलानौर का युवक है। इनमें से 5 युवकों का परिवार से लंबे समय से कोई संपर्क नहीं है।


### सोनू 2024 में गया था रूस

सोनू के भाई अनिल ने बताया कि उनका भाई और गांव का 24 वर्षीय अमन मई 2024 में रूस गए थे। तब वे फॉरेन लैंग्वेज का कोर्स करने गए थे। आमतौर पर रूस व पुराने यूएसएसआर के गणराज्यों में युवा किसी न किसी कोर्स के बहाने जाते हैं। वहां आसानी से काम मिल जाता है।

### 4 दिन पहले वीडियो मैसेज आया

हिसार के गांव मदनहेड़ी के ही अमन का 4 दिन पहले परिवार के पास एक वीडियो मैसेज आया। करीब 1 मिनट के वीडियो में अमन ने बताया कि 25 अगस्त को उसे धोखे से रूसी आर्मी में भर्ती किया गया। कहा गया कि गार्ड की नौकरी है। 12 दिन की ट्रेनिंग के बाद सीधे बॉर्डर पर लड़ने भेज दिया। कभी भी मौत हो सकती है। रोजाना बमबारी होती है और कोई न कोई आंखों के सामने मारा जाता है।

## दिल्ली के कई इलाकों में कृत्रिम बारिश का परीक्षण



भाषा ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में मंगलवार को आईआईटी-कानपुर के सहयोग से कुछ हिस्सों में कृत्रिम बारिश का पहला परीक्षण किया गया तथा अगले कुछ दिनों में इस तरह के और परीक्षण किए जाने की योजना है। पर्यावरणविदों ने हालांकि दिल्ली सरकार के कृत्रिम बारिश परीक्षण को एक अल्पकालिक उपाय बताया है। उन्होंने कहा है कि इससे प्रदूषण अस्थायी रूप से कम हो सकता है, लेकिन यह राष्ट्रीय राजधानी की बिगड़ती वायु गुणवत्ता के मूल कारणों का समाधान करने में विफल रहेगा।

### ऐसे चलाया ऑपरेशन

अधिकारियों ने बताया कि कृत्रिम बारिश की खातिर रसायनों का छिड़काव करने के लिए विमान ने कानपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरी और मेरठ की हवाई पट्टी पर उतरने से पहले बुराड़ी, उत्तरी करोल बाग और मयूर विहार जैसे क्षेत्रों में रसायनों का छिड़काव किया। सिरसा ने एक वीडियो बयान में कहा, "सेसना विमान ने कानपुर से उड़ान भरी। इसने आठ झोंकों में रसायनों का छिड़काव किया। प्रत्येक झोंके में छिड़काव किये गए रसायन का वजन 2 से 2.5 किलोग्राम था और परीक्षण आधे घंटे तक चला। रसायन का छिड़काव करने का प्रत्येक झोंका दो से ढाई मिनट का था। बादलों में 15 से 20 प्रतिशत आर्द्रता थी। रसायनों के छिड़काव की प्रक्रिया 17 से 18 मिनट तक चली।"

### कोविड में मृत व्यक्ति को सरकारी बीमा का लाभ मिले

## डॉक्टर्स का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी, नहीं तो समाज माफ नहीं करेगा : सुप्रीम कोर्ट

### बीमा कंपनियां वैध दावों का भुगतान करें

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने निजी क्लीनिक, औषधालयों और गैर-मान्यता प्राप्त अस्पतालों में कोविड-19 से लड़ते हुए जान गंवाने वाले चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को बीमा पॉलिसी में शामिल नहीं किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए मंगलवार को कहा कि यदि न्यायपालिका चिकित्सकों का ध्यान नहीं रखेगी और उनके लिए खड़ी नहीं होगी तो समाज उसे माफ नहीं करेगा। पीठ ने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बीमा कंपनियां वैध दावों का निपटारा करें और यह धारणा सही नहीं है कि निजी चिकित्सक मुनाफा कमाने के लिए काम कर रहे हैं।

### सरकार भुगतान के लिए बाध्य करे

**केंद्र से मांगे आंकड़े**
शीर्ष अदालत ने केंद्र को प्रधानमंत्री बीमा योजना के अलावा उपलब्ध अन्य समान या समानांतर योजनाओं के बारे में प्रासंगिक आंकड़े और जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, "हमें आंकड़े और प्रधानमंत्री योजना के अलावा उपलब्ध अन्य समानांतर योजनाओं के बारे में कुछ जानकारी दीजिए। हम सिद्धांत निर्धारित करेंगे और उसके आधार पर बीमा कंपनी से दावे किए जा सकेंगे। बीमा कंपनी को हमारे फैसले के आधार पर विचार करना और आदेश पारित करना है।"

**हाईकोर्ट ने सुनाया था फैसला**
शीर्ष अदालत मुंबई उच्च न्यायालय के नौ मार्च 2021 के आदेश के खिलाफ दायर प्रदीप अरोड़ा और अन्य की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मुंबई उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि निजी अस्पताल के कर्मचारी बीमा योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के हकदार नहीं हैं, जब तक कि राज्य या केंद्र सरकार द्वारा उनकी सेवाओं की मांग न की जाए। किरण भास्कर सुरगड़े नाम की महिला ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी जिनके पति - जो ठाणे में एक निजी क्लिनिक चलाते थे - की 2020 में कोरोना वायरस के कारण मौत हो गई थी।



### क्लिनिक को कोविड-19 अस्पताल के रूप में नहीं मिली थी मान्यता

बीमा कंपनी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज (पीएमजीकेपी) के तहत किरण के दावे को इस आधार पर खारिज कर दिया कि उनके पति के क्लिनिक को कोविड-19 अस्पताल के रूप में मान्यता नहीं दी गई थी। पीएमजीकेपी की घोषणा मार्च 2020 में की गई थी। इसे स्वास्थ्य कर्मियों को सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोरोना वायरस के कारण पैदा हुई विपत्ति की स्थिति में उनके परिवारों की देखभाल की जा सके। पीएमकेजीपी योजना के तहत स्वास्थ्य कर्मियों को 50 लाख रुपये का बीमा कवर प्रदान किया जाता है।

सभी सीमांकन आवेदन अब ऑनलाइन पोर्टल से स्वीकार होंगे : गृह सचिव

# तहसील में नकद भुगतान बंद, शुल्क अब ई-गवर्नेंस भुगतान गेटवे से ही जमा होंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सरकार ने राजस्व और भूमि प्रशासन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और नागरिकोन्मुख बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। वित्त आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग) डॉ. सुमिता मिश्रा ने सभी उपायुक्तों के साथ एक उच्चस्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस कर चल रहे डिजिटलीकरण सुधारों की प्रगति की समीक्षा की। यह बैठक राज्य में 58 वर्ष पुराने पारंपरिक प्रणाली से पूरी तरह डिजिटल ढांचे में परिवर्तन की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुई है।

**ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदेश के सभी अफसरों को करवाना होगा पंजीकरण**

## अब तहसीलों में क्यूआर कोड से मिलेगा फीडबैक



डॉ. मिश्रा ने बताया कि हरियाणा के सभी तहसील कार्यालयों में शीघ्र ही क्यूआर कोड आधारित फीडबैक सिस्टम शुरू किया जाएगा। इसके माध्यम से नागरिक अपनी सेवा अनुभव को तुरंत रेट कर सकेंगे और किसी भी प्रकार की शिकायत या सुझाव रियल टाइम में दर्ज कर पाएंगे। इससे न केवल जवाबदेही बढ़ेगी, बल्कि पारदर्शिता और सेवा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।वहीं राज्य में 1 नवंबर 2025 से पूरी तरह पेपरलेस भूमि पंजीकरण प्रणाली लागू की जाएगी। अब सभी दस्तावेज़ केवल डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से मान्य होंगे। इससे दस्तावेजों में छेड़छाड़, फर्जीवाड़े या फाइलों के गुम होने की संभावना समाप्त हो जाएगी। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 3 नवंबर से पहले खरीदे गए स्टांप 15 नवंबर तक मान्य रहेंगे। वहीं, गवाहों में बदलाव की सुविधा भी डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

### उपयोगकर्ता खाते का निर्माण कल तक अनिवार्य रूप से पूरा करें

डॉ. मिश्रा ने सभी तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों और पंजीकरण कर्मियों को निर्देश दिए कि वे राजस्व विभाग के पोर्टल पर अपने उपयोगकर्ता खाते का निर्माण कल तक अनिवार्य रूप से पूरा करें ताकि प्रत्येक जिले में ऑनलाइन प्रणाली का सुचारु रूप से संक्रमण सुनिश्चित हो सके।

### लंबित म्यूटेशन मामलों का इस सप्ताह तक निपटारा अनिवार्य

राज्य में भूमि स्वामित्व संबंधित सभी लंबित म्यूटेशन मामलों को इस सप्ताह के अंत तक निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग मौजूदा 10 दिन की म्यूटेशन सत्यापन अवधि की समीक्षा कर रहा है और 25 नवंबर से ऑटो-म्यूटेशन प्रणाली शुरू करेगा, जिसके तहत स्वामित्व परिवर्तन अपने-आप दर्ज होंगे, जिससे देरी और विवाद की संभावना समाप्त होगी।

### डीड राइटर केवल डिजिटल दस्तावेज़ ही तैयार करेंगे

डीड राइटरों को तत्काल प्रभाव से मैनुअल दस्तावेज तैयार करना बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। अब केवल वही दस्तावेज़ वैध माने जाएंगे जो आधिकारिक डिजिटल पोर्टल पर तैयार किए गए हों। ये दस्तावेज़ स्वचालित रूप से भूमि अभिलेखों से मिलान कर सत्यापित होंगे और संबंधित अधिकारियों द्वारा डिजिटल हस्ताक्षरित किए जाएंगे। इससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेंगी व पारदर्शिता बढ़ेगी।

### वित्तीय लेन-देन को पूर्ण रूप से पारदर्शी बना रहे

राज्य सरकार ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए नकद शुल्क संग्रह पूरी तरह बंद कर दिया है। अब सभी प्रकार के भुगतान केवल आधिकारिक ई-गवर्नेंस भुगतान गेटवे के माध्यम से ही किए जाएंगे। यह कदम भ्रष्टाचार पर रोक लगाने और वित्तीय लेन-देन को पूर्ण रूप से पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि कार्यों के डिजिटल करने से तेजी से सभी कार्य पूर्ण होंगे।

### जीपीएस आधारित डिजिटल नक्शों से खत्म होंगी सीमा विवाद की समस्याएं

उन्होंने हरियाणा लार्ज स्केल मैपिंग प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्तों को व्यक्तिगत रूप से टिटामा अपडेटेशन कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इस परियोजना के तहत हर भूमि खंड का जीपीएस आधारित डिजिटल नक्शा तैयार किया जाएगा, जिससे सीमांकन विवाद समाप्त होंगे और नागरिकों को सटीक व कानूनी रूप से सत्यापित संपत्ति अभिलेख प्राप्त होंगे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में 1000 + 500 प्रति अतिरिक्त एकड़ व शहरी क्षेत्रों में 2000 की स्थिर दर

राज्य में अब सभी सीमांकन आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। शुल्क भी जनसुलभ रखा गया है ग्रामीण क्षेत्रों में 1000 + 500 प्रति अतिरिक्त एकड़ और शहरी क्षेत्रों में 2000 की स्थिर दर। सीमांकन प्रक्रिया में जीपीएस युक्त रोवर तकनीक का उपयोग किया जाएगा और अनुमोदन सर्कल राजस्व अधिकारियों व कानूनगों द्वारा किया जाएगा।डॉ. मिश्रा ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे 7ए भूमि रिकॉर्ड नंबरों और अदालतों के स्थगन आदेशों को शुक्रवार तक केंद्रीय प्रणाली में अद्यतन करें ताकि डेटा की सटीकता बनी रहे।

## घरों के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही : आरती राव



**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को उनके घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। शहर और क़स्बा के अलावा ग्रामीण स्तर पर भी नए स्वास्थ्य केंद्र खोले जा रहे हैं और जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए कई संस्थानों को अपग्रेड किया जा रहा है। आरती सिंह राव ने कार्यालय में उनसे मिलने आए लोगों की समस्याएं सुनते हुए यह जानकारी दी।

## जेल मंत्री ने एडीजीपी के निधन पर शोक जताया



**चंडीगढ़।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने दिवंगत आईपीएस वाई पूरन कुमार की पत्नी आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार से मुलाकात करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण था। इस मामले की निष्पक्ष जांच होगी और दिवंगत आईपीएस परिवार को न्याय मिलेगा।

**Indian Red Cross Society**
**District Branch, Mahendergarh at NARNAUL-123001 (Haryana)**

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हे कि जिला महेंद्रगढ में जब्त किए गए वाहनों की पार्किंग का ठेका 6 ब्लॉक महेंद्रगढ, नांगल चौधरी, सिहमा, निजामपुर, सतनाली एवं नारनौल का एक वर्ष के लिए जिला रैड क्रास सोसायटी, महेंद्रगढ स्थित नारनौल द्वारा ई–आर्क्शन के माध्यम से दिनांक 11.11.2025 को ऑनलाईन बोली के आधार पर दिया जाना है। बोली दिनांक 29.10.2025 को प्रकाशित की जाएगी जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 07.11.2025 को सायः 05.00 बजे तक है। इस ई–आर्क्शन मे भाग लेने संबंधित नियम / शर्तों आदि की जानकारी https:/eauction.gov.in https:/mahendragarh.gov.in व http://www.redcrossnarnaul.org पर भी उपलब्ध है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आवेदक किसी भी कार्य दिवस में रैड क्रास कार्यालय मं संपर्क कर सकते हैं।

**सचिव जिला रैड क्रास सोसायटी, नारनौल**

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1438+1439

मनकि विवेक चोधरी पुत्र रामचन्द्र उर्फ रामफल पुत्र रामकला, निवासी तालाब, अलवर, राजस्थान–301410 एवं बिस्वेदार गांव बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2019–20 व इंतकाल न0 2935, 2947, 2950 बैय, के अनुसार खेवट न0 532/393, खाता न0 542, मु0 न0 1, किला न0 6/2(5–16), 15/2 (7–12), 16/1(7–12), 25/2(6–11), मु0 न0 2, किला न0 11/1(5–7), मु0 न0 63, किला न0 22(8–0), 23/1(3–16), किते 7, तादादी रकबा 44 कनाल 14 मरले का 21/298 भाग, बकदर 3 कनाल 3 मरले व खेवट न0 533/394, खाता न0 543, मु0 न0 1, किला न0 6/3(0–6), 15/1(0–8), 16/2(0–8), 25/1(0–7), मु0 न0 63, किला न0 23/3(0–4), किते 5, तादादी रकबा 1 कनाल 13 मरले का 2/11 भाग, बकदर 0 कनाल 6 मरले, उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 3 कनाल 9 मरले (0.43125 एकड़), वाका रकबा मौजा बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किय जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 1, किला न0 15/2 मिन मध्य पश्चिम (3–3), किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 3 मरले व खेवट न0 533/394, खाता न0 543, किते 5, तादादी रकबा 1 कनाल 13 मरले का 2/11 भाग, बकदर 0 कनाल 6 मरले, उपरोक्त कुल तादादी रकबा 3 कनाल 9 मरले (0.43125 एकड), पर कब्ज दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 28.10.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरुग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

**THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT**

"E-Tender Notice"

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Regarding Upgrading/Purchase the Electro Magnet at Mill House. | 2025_HBC_479771_1 |
| 2. | Rate contract of boiler chemicals for maintaining P.H. and TDS | 2025_HBC_479844_1 |
| 3. | Regarding Supply and Commissioning of automatic power factor panel. | 2025_HBC_479773_1 |
| 4 | Supply of A.C.C. cement sheets and metacolour coated sheets. | 2025_HBC_479777_1 |
| 5. | Transportation of Sugarcane from OCPC | 2025_HBC_479789_1 |
| 6. | Labour contract for loading for sugarcane into trucks at out cane purchase centre. | 2025_HBC_479794_1 |
| 7. | Purchase of polythene sheet, numbering tag and cotton thread. | 2025_HBC_479795_1 |
| 8. | Sugar Bag Handling | 2025_HBC_479798_1 |
| 9. | Purchase of process chemical. | 2025_HBC_479800_1 |
| 10. | Purchase of microprocessor based three load cell SIMPLEX Electronic Net Weighing & Bagging machines (2 Nos). | 2025_HBC_479806_1 |
| 11. | Purchase of Fire Side Chemical | 2025_HBC_479813_1 |
| 12. | Insulation and lagging work at various stations of the factory. | 2025_HBC_479820_1 |
| 13. | Civil work for Resitement of retail outlet of IOCL petrol Pump at The Sonipat Sugar Mill. (as per IOCL specification, drawing & design of boundary wall, filling, drainage works). Total area of construction (35mX35m). | 2025_HBC_479824_1 |
| 14. | CIVIL WORK (LYING OF INTERLOCKING TILES/PAVER BLOCKS) AT OUT CANE PURHASE CENTER (BEGA). | 2025_HBC_479828_1 |
| 15. | महाराष्ट्र राज्य की तर्ज पर हरियाणा की सहकारी चीनी मिलो द्वारा प्रयोग के तौर पर गन्ने की कटाई, छिलाई, लदाई व ढुलाई का कार्य ठेके पर देने बारे। | 2025_HBC_479830_1 |

All the tenders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 04.11.2025 at 10.00 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 05.11.2025 at 10:00 A.M. and the negotiation will be held on 06.11.2025 at 12:30 PM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

Sd/- Managing Director,
The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd.. Sonipat

हम अपने कर्मचारियों को महत्व देते हैं
हम अपने पेंशनभोगियों का ध्यान रखते हैं

**उत्तर रेलवे**

**पेंशनभोगी सेवा केंद्र,**
**मुख्यालय कार्यालय**
**बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली**
में
**1 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक**
**राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन**
**प्रमाण–पत्र अभियान 4.0**
**का आयोजन कर रहा है।**

बैंकों में जीवन प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने में पेंशनभोगियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों की सहायता के लिए

सामान्य आवश्यकताएँ:–

- **आधार संख्या** : सुरक्षित पहचान सत्यापन के लिए वैध आधार संख्या अनिवार्य है।
- **मोबाइल नंबर**: ओटीपी प्राप्त करने सहित विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए मोबाइल नंबर होना आवश्यक है।
- **पेंशन का विवरण**: पेंशनभोगियों को अपने पेंशन वितरण बैंक खाते की जानकारी और अनुमोदनकर्ता प्राधिकारी का नाम (पीपीओ की प्रतिलिपि) तैयार रखना चाहिए।
- **पासपोर्ट साइज फोटो**: प्रस्तुत करने की विधि के आधार पर एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो होना अपेक्षित है।
- **बैंक खाता विवरण**: आपके बैंक खाते की पासबुक जिसमें आईएफएस कोड दर्शाया गया हो, की प्रतिलिपि होना अपेक्षित है।

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा... हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3344/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एचएससीसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**पंचकूला।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, चंडीगढ़ की अध्यक्ष सुमन सैनी ने मंगलवार अपने जन्मदिन के अवसर पर शिशु गृह, सेक्टर-15, पंचकूला में बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। सैनी ने शिशु गृह के बच्चों के साथ केक काटा और बच्चों को चॉकलेट बांटकर खुशी साझा की।

## खाद की किल्लत से किसान परेशान : चौटाला

*चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने प्रदेश में डीएपी की भारी किल्लत के कारण परेशानी झेल रहे किसानों की आवाज को बुलंद करते हुए कहा कि इसकी जिम्मेदार पूरी तरह से सरकार है। अन्नदाता की कैसे बेकद्री की जा रही है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सुबह चार बजे से ही न केवल नौजवान किसान बल्कि उसके परिवार के बुजुर्ग और महिलाएं भी डीएपी लेने के लिए लाइन में लगे हैं। उसके बाद भी सभी को जरूरत के हिसाब से डीएपी नहीं मिल रहा है। कई किसान तो बिना डीएपी के खाली हाथ ही घर वापिस घर आते हैं। बीजेपी सरकार किसान विरोधी सरकार है यह इस बात से साफ हो जाती है कि सरकार के आदेशों पर पुलिस किसानों के साथ अत्याचार कर रही है। किसानों के हाथों पर मुहर लगाई जा रही है, ऐसा करके किसानों को मुजरिमों जैसा अहसास करवाया जा रहा है। एक आधार कार्ड पर डीएपी के सिर्फ दो ही कट्टे दिए जा रहे हैं।*

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति गठित

# पूर्व सांसद मलिक चेयरमैन, एक महिला सहित चार सदस्य नियुक्त

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस में अब मनमानी और पार्टी विरोधी बयानबाजी नहीं चलेगी, नए प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र द्वारा भेजी गई अनुशासन समिति पर कांग्रेस हाईकमान की मुहर लगने के बाद में इस बारे में पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने इस आशय का पत्र भी जारी कर दिया है। जिसमें पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक को चेयरमैन और चार सदस्य नियुक्त कर दिए गए हैं। जिनमें से एक सदस्य सचिव अंबाला शहर के रहने वाले रोहित जैन वकील हैं। सदस्यों की बात करें, तो अनुशासन समिति में पूर्व सांसद और पूर्व पीसीसी अध्यक्ष धर्मपाल मलिक को चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इनके अलावा अकरम खान विधायक, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी के अलावा अनिल धंतौड़ी पूर्व विधायक को शामिल किया गया है। समिति के लिए सबसे बड़ी चुनौती बयानबाजी की रहेगी।

### राहुल से मिले राव नरेंद्र



### समिति में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा का दबदबा

अनुशासन समिति में पूर्व सीएम और नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का दबदबा दिखाई दे रहा है। पूर्व सीएम के विरुद्ध बयानबाजी करने वालों को जवाब देने वाले पूर्व सांसद वरिष्ठ नेता धर्मपाल मलिक को चेयरमैन नियुक्त कर हाईकमान ने साफ कर दिया है कि नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कद उनकी नजर में आज भी बड़ा है। प्रदेश में एक कांग्रेसी नेता ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर हमला करते हुए कहा था कि वे तो अब एक्सपायरी दवा हो गए हैं। जिसके बाद में मलिक ने अनुशासन समिति बनाने और इस तरह के तत्वों पर कार्रवाई की वकालत की थी। इसके अलावा सूची में इक्का दुक्का नाम सैलजा खेमे के भी हैं, इसलिए हाईकमान द्वारा संतुलन बनाने का काम भी कर दिया गया है।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Home Finance | **पंजीकृत कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा पता** : शांति कॉम्पलैक्स, प्रथम तल, बिल्डिंग नं. 4307/12-14, जगाधरी रोड, सिविल हॉस्पीटल के सामने, अम्बाला कैंट-133001
**शाखा पता** : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001
**शाखा पता** : प्लॉट नं. 45-46, प्रथम तल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कॉलोनी, मुगल कैनाल फाउंटेन चौक के सामने, करनाल-132001

निम्नलिखित कर्जदार आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से उनके द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज का पुनर्भुगतान करने में चूककर्ता बन चुके हैं और ऋणों को नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। प्रतिभूति हित अधिनियम-2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत उनके अन्तिम ज्ञात पतों पर उनको एक नोटिस जारी किया गया था, यद्यपि इसकी तामील नहीं हो पाई और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम/ (ऋण अकाउंट नम्बर) और पता | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति / प्रवर्तित की जानी परिसम्पत्ति का सम्पत्ति पता | भेजे गये नोटिस की तिथि / नोटिस की तिथि के अनुसार बकाया | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राहुल पुत्र भोपाल (कर्जदार), भगवान दास पुत्र भुपाल सिंह (सह-कर्जदार) गांव व डा. अधोया, बाबैन रोड, बराड़ा, जिला-अम्बाला हरियाणा-133205. LHAMB00001578122. | दस्तावेज नं. 2211 दिनांक 22.02.2024 के अनुरूप श्री राहुल पुत्र भोपाल के पक्ष में श्री संजय कुमार पुत्र बलजिन्दर सिंह द्वारा निष्पादित गांव बराड़ा हदबस्त नं. 203 तहसील बराड़ा, जिला अम्बाला, जमाबंदी वर्ष 2020-21, भूमि खेवट / खतौनी नं. 1003/1297, खसरा नं. 132//24/2 (4-0) का 444/8000 भाग बकदर 0 कनाल 4.44 मरला (134.44 वर्ग गज) सम्पत्ति आईडी 6CHUV3Q1 (पुराना सम्पत्ति नं. P08500570044) में स्थित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं : उत्तर - प्लॉट सुखदेव और 44 फुट, दक्षिण - प्लॉट संजय कुमार और 44 फुट, पूर्व - गली और 27 फुट 6 इंच, पश्चिम - प्लॉट बलवंत और 27 फुट 6 इंच। | 24-10-2025 रु. 31,125.36/- | 08-अक्तू.-2025 |
| 2. | राहुल पुत्र भोपाल (कर्जदार), भगवान दास पुत्र भुपाल सिंह (सह-कर्जदार) गांव व डा. अधोया, बाबैन रोड, बराड़ा, जिला-अम्बाला हरियाणा-133205. LHAMB00001578123. | दस्तावेज नं. 2211 दिनांक 22.02.2024 के अनुरूप श्री राहुल पुत्र भोपाल के पक्ष में श्री संजय कुमार पुत्र बलजिन्दर सिंह द्वारा निष्पादित गांव बराड़ा हदबस्त नं. 203 तहसील बराड़ा, जिला अम्बाला, जमाबंदी वर्ष 2020-21, भूमि खेवट / खतौनी नं. 1003/1297, खसरा नं. 132//24/2 (4-0) का 444/8000 भाग बकदर 0 कनाल 4.44 मरला (134.44 वर्ग गज) सम्पत्ति आईडी 6CHUV3Q1 (पुराना सम्पत्ति नं. P08500570044) में स्थित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं : उत्तर - प्लॉट सुखदेव और 44 फुट, दक्षिण - प्लॉट संजय कुमार और 44 फुट, पूर्व - गली और 27 फुट 6 इंच, पश्चिम - प्लॉट बलवंत और 27 फुट 6 इंच। | 24-10-2025 रु. 4,68,998.88/- | 08-अक्तू.-2025 |
| 3. | राहुल पुत्र भोपाल (कर्जदार), भगवान दास पुत्र भुपाल सिंह (सह-कर्जदार) गांव व डा. अधोया, बाबैन रोड, बराड़ा, जिला-अम्बाला हरियाणा-133205. LHAMB00001578283. | दस्तावेज नं. 2211 दिनांक 22.02.2024 के अनुरूप श्री राहुल पुत्र भोपाल के पक्ष में श्री संजय कुमार पुत्र बलजिन्दर सिंह द्वारा निष्पादित गांव बराड़ा हदबस्त नं. 203 तहसील बराड़ा, जिला अम्बाला, जमाबंदी वर्ष 2020-21, भूमि खेवट / खतौनी नं. 1003/1297, खसरा नं. 132//24/2 (4-0) का 444/8000 भाग बकदर 0 कनाल 4.44 मरला (134.44 वर्ग गज) सम्पत्ति आईडी 6CHUV3Q1 (पुराना सम्पत्ति नं. P08500570044) में स्थित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं : उत्तर - प्लॉट सुखदेव और 44 फुट, दक्षिण - प्लॉट संजय कुमार और 44 फुट, पूर्व - गली और 27 फुट 6 इंच, पश्चिम - प्लॉट बलवंत और 27 फुट 6 इंच। | 24-10-2025 रु. 12,25,869.88/- | 08-अक्तू.-2025 |
| 4. | रामफल पुत्र महेन्द्र सिंह (कर्जदार), दर्शना देवी पत्नी रामफल (सह-कर्जदार) निवासी 1249 किरधान, जिला फतेहाबाद, हरियाणा-125053. LHHIS00001283165. | दस्तावेज नं. 376 दिनांक 24.05.2019, दर्शना देवी पत्नी श्री रामफल के पक्ष में रामफल पुत्र महेन्द्र सिंह द्वारा निष्पादित गांव किरधान उपतहसील भट्टू कलां, जिला फतेहाबाद में स्थित खेवट नं. 917 और खसरा नं. 152//17 (1/2 (4-18) में निहित भूमि माप 04-18 एम में से 1/14 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 7 मरले है, के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं : उत्तर - देवी लाल गुज्जर का प्लॉट, दक्षिण - पवन पुत्र दुल्ला राम का प्लॉट, पूर्व - रोड, पश्चिम - राम सिंह का प्लॉट। | 24-10-2025 रु. 7,44,413/- | 08-अक्तू.-2025 |
| 5. | भंवर सिंह पुत्र अमर सिंह (कर्जदार), निर्मल रानी पत्नी भंवर सिंह (सह-कर्जदार), जतिन राठौड़ पुत्र भंवर सिंह (गारंटर) निवासी 362 एबी/3, गोल कोठी, तहसील हांसी, जिला हिसार, हरियाणा-125033 NHHNS00001261872. | दस्तावेज नं. 4118 दिनांक 02.11.2017 के अनुरूप श्रीमती निर्मल रानी पत्नी श्री भंवर सिंह के पक्ष में श्रीमती गायत्री देवी पत्नी श्री राज कुमार द्वारा निष्पादित आबादी / लाल डोरा, मोहल्ला रामपुरा, तहसील हांसी, जिला हिसार, हरियाणा-125033 के तहत वाका में स्थित एक हाउस टैक्स यूनिट नं. 536/3, कुल माप 108.52 वर्ग गज सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं : उत्तर - डंडा 41 फुट 3 इंच, भंवर सिंह का मकान, दक्षिण - अन्य का, पूर्व - डंडा 20 फुट 4 इंच, भीम सिंह की सम्पत्ति, पश्चिम - डंडा 25 फुट सवा 11 इंच, गली। | 24-10-2025 रु. 8,39,864/- | 03-अक्तू.-2025 |
| 6. | भंवर सिंह पुत्र अमर सिंह (कर्जदार), निर्मल रानी पत्नी भंवर सिंह (सह-कर्जदार), निवासी 362 एबी/3, गोल कोठी, तहसील हांसी, जिला हिसार, हरियाणा-125033 NHHNS00001261873. | दस्तावेज नं. 4118 दिनांक 02.11.2017 के अनुरूप श्रीमती निर्मल रानी पत्नी श्री भंवर सिंह के पक्ष में श्रीमती गायत्री देवी पत्नी श्री राज कुमार द्वारा निष्पादित आबादी / लाल डोरा, मोहल्ला रामपुरा, तहसील हांसी, जिला हिसार, हरियाणा-125033 के तहत वाका में स्थित एक हाउस टैक्स यूनिट नं. 536/3, कुल माप 108.52 वर्ग गज सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं : उत्तर - डंडा 41 फुट 3 इंच, भंवर सिंह का मकान, दक्षिण - अन्य का, पूर्व - डंडा 20 फुट 4 इंच, भीम सिंह की सम्पत्ति, पश्चिम - डंडा 25 फुट सवा 11 इंच, गली। | 24-10-2025 रु. 11,32,729/- | 03-अक्तू.-2025 |
| 7. | सुरेश कुमार पुत्र प्रकाश (कर्जदार), ज्योति पत्नी सुरेश कुमार (सह-कर्जदार), निवासी म. नं. 1030/23 बोघा राम कॉलोनी, तहसील हांसी, जिला हिसार, हरियाणा-125033 LHHIS00001347217. | दस्तावेज नं. 6911 दिनांक 12.03.2021 के अनुरूप श्री सुरेश कुमार पुत्र ओम प्रकाश के पक्ष में श्री सुभाष चन्द्र पुत्र श्री आत्माराम द्वारा निष्पादित उत्तम नगर, तहसील हांसी, जिला हिसार, हरियाणा-125033 में स्थित मकान जिसका पुराना हाउस टैक्स यूनिट नं. 736 16 और नया हाउस टैक्स यूनिट नं. 1079, माप 70 वर्ग गज है, सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं : उत्तर - डंडा 44 फुट 3 इंच शकुला बाई पत्नी श्री साधु राम का प्लॉट, दक्षिण - डंडा 44 फुट 3 इंच जय देवी पत्नी श्री साधु राम, पूर्व - डंडा 14 फुट 3 इंच अन्य सम्पत्ति, पश्चिम - डंडा 14 फुट 3 इंच गली। | 24-10-2025 रु. 15,53,561/- | 03-अक्तू.-2025 |
| 8. | सुरेश कुमार पुत्र प्रकाश (कर्जदार), ज्योति पत्नी सुरेश कुमार (सह-कर्जदार), निवासी म. नं. 1030/23 बोघा राम कॉलोनी, तहसील हांसी, जिला हिसार, हरियाणा-125033 LHHIS00001351565. | दस्तावेज नं. 6911 दिनांक 12.03.2021 के अनुरूप श्री सुरेश कुमार पुत्र ओम प्रकाश के पक्ष में श्री सुभाष चन्द्र पुत्र श्री आत्माराम द्वारा निष्पादित उत्तम नगर, तहसील हांसी, जिला हिसार, हरियाणा-125033 में स्थित मकान जिसका पुराना हाउस टैक्स यूनिट नं. 736 16 और नया हाउस टैक्स यूनिट नं. 1079, माप 70 वर्ग गज है, सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं : उत्तर - डंडा 44 फुट 3 इंच शकुला बाई पत्नी श्री साधु राम का प्लॉट, दक्षिण - डंडा 44 फुट 3 इंच जय देवी पत्नी श्री साधु राम, पूर्व - डंडा 14 फुट 3 इंच अन्य सम्पत्ति, पश्चिम - डंडा 14 फुट 3 इंच गली। | 24-10-2025 रु. 50,176/- | 03-अक्तू.-2025 |
| 9. | जयपाल गोयल पुत्र हरि ओम गोयल (कर्जदार), सुमन गोयल पत्नी जय पाल गोयल (सह-कर्जदार), निवासी म. नं. 1638/ए, सेक्टर-6, ग्रामीण भाग-1, जिला करनाल, हरियाणा-132001. NHKNL00001269052. | दस्तावेज नं. 7938 दिनांक 10.12.2018 के अनुरूप सुमन गोयल पत्नी जयपाल गोयल के पक्ष में अर्चना पत्नी राजेश कुमार द्वारा निष्पादित उनबेर कैटेगरी-बी में कवर्ड एरिया 310 वर्ग फुट के तहत मकान नं. 1555, एलआईजी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-6, करनाल, जिला करनाल, कुल माप 35.15 वर्ग गज सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं : उत्तर - मकान नं. 1554 एलआईजी, दक्षिण - मकान नं. 1556 एलआईजी, पूर्व - मकान नं. 1536 एलआईजी, पश्चिम - रोड। | 24-10-2025 रु. 11,89,700.6/- | 03-अक्तू.-2025 |

नोटिस की स्थानापन्न सेवा हेतु कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदारों और/अथवा उनके गारंटरों (लागू अनुसार) को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के अंदर बकाया राशि के भुगतान करने का परामर्श दिया जाता है अन्यथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के प्रावधानों के अनुरूप आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : 29 अक्तूबर 2025
स्थान : अम्बाला, फतेहाबाद, हांसी, करनाल

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड


• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक

पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111

## खबर संक्षेप



### गोरक्षा दल और पुलिस ने तीन पशुओं को छुड़वाया

**कैथल।** सोमवार सुबह लगभग 8:00 बजे गौ रक्षा दल कैथल की टीम को सूचना मिली कि एक टाटा ऐस गाड़ी में दो नंदी और एक गाय को अवैध रूप से गोकशी हेतु ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही गौ रक्षा दल के सदस्य राहुल निवासी गांव कुतुबपुर ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम और गौ रक्षा दल के सदस्य संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचे और संदिग्ध गाड़ी का पीछा किया। टीम ने गाड़ी की तलाशी ली, जिसमें से दो नंदी और एक गाय को सुरक्षित बरामद किया गया। बरामद किए गए तीनों गोवंशों को पुलिस की मौजूदगी में कृष्णा गौशाला, अनाज मंडी कैथल में सुरक्षित छोड़ा गया।

### हेरोइन तस्करी का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** हेरोइन तस्करी प्रकरण में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य सप्लायर माखन सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी पीरावाली, जिला हिसार को काबू किया है। यह गिरफ्तारी 7 जून को दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में की गई है। आरोपी बिंदर सिंह पुत्र पूर्ण राम निवासी हिजरांवा कलां को 10.25 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया जा चुका है।

### पेट्रोल पंप कर्मी 99,127 रुपये लेकर हुआ फरार

**यमुनानगर।** गांव तेलीपुरा स्थित पेट्रोल पंप कर्मचारी सेल के 99 हजार 127 रुपये लेकर फरार हो गया। आरोपी का फोन भी बंद आ रहा था। जब पेट्रोल पंप मालिक का आरोपी कर्मचारी से संपर्क नहीं हुआ तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव उधमगढ़ निवासी गोविंदा ने सदर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव तेलीपुरा स्थित पेट्रोल पंप पर काम करता है। उसके साथ रजत भी पेट्रोल पंप पर नौकरी करता है।

### ब्लैक में बेची जा रही डीएपी सीएम फ्लाइंग ने की रेड

**गुरुग्राम।** ब्लैक में डीएपी बेचने पर सीएम फ्लाइंग ने सोहना-पलवल रोड पर एक खाद बीज की दुकान पर रेड की है। कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर की गई रेड के दौरान टीम को यहां न केवल दुकानदार द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर पर खाद की बिक्री होती मिली बल्कि एक्सपायरी डेट के कीटनाशक की भी दुकानदार द्वारा बिक्री की जा रही थी। टीम ने यह कार्रवाई एक शिकायत के आधार पर की है। खंड कृषि अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि गोयल खाद-बीज भंडार पर यह रेड की गई। टीम को गोदाम पर 750 कट्टे डीएपी के मिले।

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**फरीदाबाद।** सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आईएमटी सेक्टर-70 स्थित मैलबेरी कंट्री सोसाइटी में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब सोसाइटी में बन रही एक नई बिल्डिंग की ग्राउंड फ्लोर पर 26 वर्षीय युवक का शव मिला। सूचना मिलते ही आईएमटी चौकी और सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 26 वर्षीय यशवंत कुमार निवासी आजमगढ़ उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। यशवंत पिछले चार-पांच सालों से इलेक्ट्रिशियन का काम कर रहा था। परिसर में बने एक कमरे में अन्य मजदूरों के साथ रहता था।

---

**पुलिस जिंदाबाद के लगे नारे : ट्रांसपोर्टर को पिस्तौल दिखाकर मांगी थी रंगदारी**

# रेवाड़ी में बदमाशों के सिर मुंडवाकर परेड निकलवाई

**पैसे न देने पर कंपनी की सभी बसें जलाने की धमकी भी दी थी**

*पुलिस ने ट्रांसपोर्टर को हथियार दिखाकर मंथली मांगने के आरोपियों के सिर मुंडवाकर उनकी बाजार में परेड कराई। तमाशा देखने के लिए बाजार में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने पुलिस जिंदाबाद के नारे लगाए।*



*बदमाशों को हाथ जोड़कर अंबेडकर चौक से बस स्टैंड के पीछे स्थित मार्केट तक घुमाया*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

सरेआम गुंडागर्दी करने वाले लोगों को खुला घूमने की छूट किसी भी सूरत में नहीं दी जा सकती। ऐसे लोगों की जगह सिर्फ सलाखों के पीछे है। इसी बात को साबित करने के लिए पुलिस ने ट्रांसपोर्टर को हथियार दिखाकर मंथली मांगने के आरोपियों के सिर मुंडवाकर उनकी बाजार में परेड कराई। तमाशा देखने के लिए बाजार में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने रेवाड़ी पुलिस जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पुलिस के त्वरित एक्शन की सराहना की। इन आरोपियों में से पुलिस ने एक को चार दिन के रिमांड पर लिया है। परेड के दौरान एक दिन पूर्व पिस्तौल दिखाकर धमकी देने वाले आरोपी पूरी तरह बेबस और लाचार नजर आ रहे थे। बावल के खातीवास गांव की ढाणी अहीर निवासी हरीश कुमार ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि वह राजस्थान के नीमराना की सोसायटी में रहता है। पोसवाल चौक पर ट्रांसपोर्ट का ऑफिस किया हुआ है।



रेवाड़ी। मंथली मांगने वाले आरोपियों की परेड निकालती पुलिस व जमा भीड। फोटो : हरिभूमि

#### तमाशा देखने के लिए उमड़ी भीड़

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद एक आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद तीन और आरोपियों की गिरफ्तार करने में भी पुलिस ने ज्यादा समय नहीं लगाया। लोगों को पुलिस के प्रति सकारात्मक संदेश देते हुए पुलिस ने बाजार में आरोपियों की परेड कराई। इस दौरान आरोपी लंगड़ाते हुए चल रहे थे, जिससे साफ हो गया कि परेड से पहले उनकी जमकर 'ओवरहॉलिंग' भी की गई होगी।

#### बदमाश बोले-अगर बसें चलानी हैं, तो मंथली देनी ही होगी

उसके छोटी गाड़ियां और बसें कंपनियों का स्टाफ लाने व ले जाने के कार्य में लगी हुई हैं। 26 अक्टूबर को उसके ऑफिस में मुंडनवासी निवासी रवि अपने तीन अन्य साथियों के साथ स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर आया। उसने आरोप लगाया कि रवि व उसके साथियों के हाथों में पिस्तोल थीं। उसके सामने तीन पिस्तौल निकालकर रख दीं। रवि ने उसे धमकाते हुए कहा कि कल से उसकी बसें कंपनी में नहीं चलनी चाहिएं। अगर उसे बसें चलानी हैं, तो उसे मंथली देनी होगी। मंथली नहीं देने की सूरत में उसकी बसों को आग लगा दी जाएगी। उसे व उसके परिवार को खत्म कर दिया जाएगा। धमकी देने के बाद आरोपी गाड़ी लेकर वहां से चले गए।

#### घटना के तुरंत बाद ही एक आरोपी किया गिरफ्तार

पुलिस ने ट्रांसपोर्टर की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद मुंडनवास निवासी रविंद्र उर्फ रवि को घटना के कुछ देर बाद ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में पुलिस ने अब राजस्थान के रायपुर जाटव निवासी रविंद्र, मुंडनवास निवासी मनोज व राजस्थान के आलमपुर निवासी हंसराज को गिरफ्तार किया है। रविंद्र को कोर्ट से चार दिन के रिमांड पर लिया गया है, जबकि दो अन्य को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

#### रवि और उसके साथियों पर केस दर्ज

हरीश कुमार ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने हरीश कुमार की शिकायत पर रवि और उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(5), 111(4), 351(3), 3(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 25-54-59 के तहत मामला दर्ज कर लिया।

---

**चुनावी रंजिश, पंजाब आप विधायक पर आरोप**

## कार सवारों ने हमला कर व्यक्ति की टांगें तोड़ीं

**जींद।** गांव बेलरखां के निकट नरवाना-पटियाला नेशनल हाईवे पर अपहरण कर लाए गए पजांब के व्यक्ति की कार सवारों ने बेरहमी से वार कर दोनों टांगें तोड़ डाली। आसपास के किसानों ने व्यक्ति को हमलावरों के चंगुल से छुडा नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया। घायल ने आरोप लगाया कि पंजाब के आम आदमी पार्टी के विधायक ने हमला करवाया है। घायल को अग्रोहा मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल गांव चिचडवाला पंजाब निवासी डा. गुरुचरण सिंह ने



जींद। हमले में घायल डा. गुरचरण सिंह घटना की जानकारी देते हुए।

बताया कि उसकी पंचायती चुनाव के दौरान से सतराना पजांब से आप पार्टी के विधायक कुलवंत से रंजिश चली रही है। वह मंगलवार को अपने दोस्त के साथ कैथल गया हुआ था। वापसी के दौरान कार ने कार को टक्कर मार दी।

**पूंडरी-ढांड रोड पर हादसा**

## कार पेड़ से टकराई, दो की मौत, तीन गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

पूंडरी-ढांड रोड पर तड़के एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा गांव म्योली के नजदीक रजबाहे के पास हुआ, जब एक स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराने के बाद खेतों में जा घुसी और पेड़ से टकरा गई। हादसा सुबह 4 बजे हुआ, जब कार कुरुक्षेत्र से पूंडरी की ओर आ रही थी। सभी लोग कुरुक्षेत्र से छठ पूजा से भाग लेकर वापिस पुंडरी होकर कैथल जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार म्योली गांव से कुछ दूरी पर रजबाहे के पास तीखे मोड़



कैथल। मृतकों का फाइल फोटो।

पर पहुंची, चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सीधे पुलिया से टकराकर करीब 100 मीटर तक उछलते हुए खेतों के पास पेड़ से जा भिड़ी। हादसे में कार चालक साहिल (25) पुत्र रमेश, निवासी बलराज नगर कैथल और उसका रिश्तेदार रणजीत (26) पुत्र रामसिस सहनी, निवासी बेगूसराय बिहार की मौके पर ही मौत हो गई।

---

**छठ महापर्व के समापन के बाद हादसा**

## यमुनानगर में यमुना नहर पर बना पुल गिरा

*छठ पर्व पर सूर्य को अर्घ्य देने आए हजारों श्रद्धालु गुजरे थे*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

यमुनानगर के नजदीक पश्चिमी यमुना नहर पर बना एक पुराना पुल मंगलवार शाम को अचानक भरभरा कर गिर गया। गनीमत रही कि उस समय पुल पर कोई वाहन या राहगीर मौजूद नहीं था। जिससे बड़ा नुकसान टल गया। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों तरफ से आवागमन पर रोक लगा दी गई। क्षेत्र के मोहन सिंह, प्रदीप, विनय कुमार, रोहित व कमल आदि ने बताया कि यह पुल काफी पुराना था और लंबे समय से इसकी हालत जर्जर थी। सिंचाई विभाग ने



यमुनानगर। पश्चिमी यमुना नहर पर बना पुराना पुल गिरा हुआ।

इसे कंडम घोषित किया हुआ था। लगातार नहर के पानी और वाहनों के दबाव से इसमें दरारें आ गई थीं। कई बार विभाग को इसकी मरम्मत की मांग भी की गई थी। लेकिन कार्यवाही नहीं हुई। मंगलवार शाम के समय अचानक पुल का एक हिस्सा ढह गया और कुछ ही मिनटों में पूरा ढांचा नहर में समा गया।

**12वीं तक सरकारी स्कूल में की पढ़ाई**

## टैंपो चालक की बेटी डीयू में बनी सहायक प्रोफेसर

*अब भुंगारका की पंचायत करेगी बेटी को सम्मानित*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नांगल चौधरी

भुंगारका पंचायत के अंतर्गत ढाणी खातियान की बेटी काजल कुमारी का दिल्ली यूनिवर्सिटी में सहायक प्रोफेसर पद पर चयन हुआ है। ग्राम पंचायत ने मेधावी छात्रा का अभिनंदन और पुरस्कृत करने का फैसला लिया है। साथ ही गांव की बेटियों को काजल कुमारी से मिलाया जाएगा, ताकि उन्हें मोटिवेशन मिल सके और प्रतियोगिक परिक्षाओं में सफलता हांसिल कर सकें। इस संबंध में राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि ढाणी खातियान निवासी कृष्ण कुमार टैंपो चालक है। आर्थिक तंगी के




नांगल चौधरी। छात्रा काजल कुमारी।

चलते बच्चों का दाखिला महंगे शिक्षण संस्थानों में नहीं कराया, गांव के ही सरकारी स्कूल से बाहरवीं कक्षा उतीर्ण की है। इसके बाद बीएससी, एमएससी तथा इंस्पायर फैलोशिप परीक्षा उतीर्ण की है। नेट-जेआरफ क्वालिफाइ करके 2019 में गेट परीक्षा को उतीर्ण किया है। इसके बाद छात्रा ने आईआईटी रुड़की से पीएचडी की डिग्री हांसिल की है।

**पंचायती जमीन पर दीवार न बनाने के मांगे एक लाख**

## अटेली में क्लर्क व उसके सहयोगी को 40 हजार रिश्वत लेते पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

अटेली बीडीपीओ कार्यालय में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार शाम रेड मारी। इस कार्रवाई में कार्यालय के क्लर्क पवन कुमार और उसके सहयोगी ईश्वर सिंह को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। छापेमारी ड्यूटी मजिस्ट्रेट कुलबीर के नेतृत्व में और एसीबी अधिकारी वेदप्रकाश की अगुवाई में की गई। हालांकि अधिकारियों ने मीडिया से छुपाने का प्रयास किया कि उन्होंने क्या कार्रवाई की। गांव मिर्जापुर वासी शिकायतकर्ता हरिराम ने एसीबी में शिकायत दी थी कि उसकी दुकान के पास पंचायत की जमीन लगती



नारनौल। गिरफ्त में दोनों आरोपित।

है, जिस पर दीवार बनाने का प्रावधान है। हरिराम ने बताया कि बीडीपीओ कार्यालय के क्लर्क पवन कुमार ने उससे कहा कि यदि वह दीवार नहीं बनवाना चाहता तो इसके बदले पहले एक लाख रुपये की मांग की। जिसके बाद 40 हजार रुपये में तय हो गई। बिचौलिये ने कहा कि पैसे देने पर ही उसका काम रुक सकेगा। क्लर्क की इस मांग से परेशान होकर हरिराम ने इसकी शिकायत एसीबी को दी

#### बिचौलिये से पहुंचाई जा रही राशि

शिकायत की सत्यता जांचने के बाद एसीबी ने योजना बनाकर अटेली बीडीपीओ कार्यालय में छापा मारा। टीम ने मौके पर निगरानी रखते हुए पाया कि शिकायतकर्ता द्वारा दी गई राशि बिचौलिये ईश्वर सिंह के माध्यम से क्लर्क पवन कुमार तक पहुंचाई जा रही थी। जैसे ही दोनों ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने तुरंत घेराबंदी कर उन्हें काबू कर लिया।

---

**अच्छी पहल** | **शिक्षा विभाग ने शुरू किया बायोमेट्रिक अपडेट मिशन, स्कूल प्रमुखों को मिली जिम्मेदारी**

# अब स्कूलों में ही अपडेट होंगे विद्यार्थियों के आधार कार्ड

***डिजिटल शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा अभियान***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

शिक्षा विभाग ने अब विद्यार्थियों के आधार अपडेट की प्रक्रिया को स्कूलों तक पहुंचा दिया है। बायोमेट्रिक अपडेट मिशन (एमबीयू) नाम से शुरू किए गए इस अभियान के तहत पांच से 17 वर्ष की आयु वाले विद्यार्थियों के आधार कार्ड स्कूल स्तर पर ही अपडेट किए जाएंगे। यह कार्य निशुल्क होगा और इसके लिए किसी भी विद्यार्थी या अभिभावक से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) और शिक्षा निदेशालय के संयुक्त प्रयास से शुरू यह मिशन प्रदेशभर के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में लागू किया गया है। विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भेजकर एक वर्ष के भीतर इस अभियान को पूरा करने को कहा है। नई व्यवस्था से




छात्रों को अब आधार अपडेट करवाने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। स्कूलों में ही आधार अपडेट टीम पहुंचकर विद्यार्थियों के बायोमेट्रिक और व्यक्तिगत विवरणों की जांच करेगी। इस दौरान बच्चों के नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, पहचान चिह्न और अन्य जरूरी जानकारियों को सत्यापित कर आधार में अपडेट किया जाएगा। अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि अब विद्यार्थियों की सभी शैक्षणिक और वित्तीय जानकारियां आधार से सीधे जुड़ जाएंगी।

#### डिजिटल रिकार्ड एकसमान और सटीक बनाने की पहल

शिक्षा विभाग के अनुसार यह अभियान सिर्फ आधार अपडेट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह छात्रों के डिजिटल रिकार्ड को एकसमान और सटीक बनाने का भी माध्यम बनेगा। वर्तमान में विभाग विद्यार्थियों से जुड़ी सभी जानकारियां जैसे नामांकन, परीक्षा परिणाम, छात्रवृत्ति, वजीफा और योजनाओं का लाभ डिजिटल रूप में संकलित कर रहा है। इन सभी सूचनाओं को आधार नंबर से जोड़ने पर न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि किसी भी विद्यार्थी के रिकॉर्ड में त्रुटि या दोहराव की संभावना समाप्त हो जाएगी।

#### आधार में गलती से छात्रों को नहीं मिल पाता योजनाओं का लाभ

शिक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्तियाँ अब सीधे आधार-लिंक्ड बैंक खातों में भेजी जाती हैं। यदि किसी विद्यार्थी के आधार में गलती पाई जाती है तो छात्रवृत्ति राशि अटक सकती है। इस कारण से बायोमेट्रिक अपडेट मिशन विद्यार्थियों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। इस प्रक्रिया से न केवल विद्यार्थियों को आसानी होगी, बल्कि सरकारी रिकॉर्ड भी अधिक पारदर्शी होंगे। विभाग को छात्रों की सटीक जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे योजनाओं के लाभ सीधे पात्र छात्रों तक पहुंच सकेंगे। अभिभावकों को भी अब आधार केंद्रों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी। विभाग का कहना है कि आधार से जुड़ा सटीक डेटा आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों की पढ़ाई, छात्रवृत्ति और प्रवेश से जुड़ी कई जटिल प्रक्रियाओं को बेहद आसान बना देगा।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
ई-मेल: crpd@sbi.co.in
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की नियुक्ति

संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/15

| पद का नाम | रिक्ति |
| --- | --- |
| प्रमुख (उत्पाद, निवेश और अनुसंधान) | 01 |
| जोनल प्रमुख | 04 |
| क्षेत्रीय प्रमुख | 07 |
| आरएम – टीम प्रमुख | 19 |
| निवेश विशेषज्ञ | 22 |
| निवेश अधिकारी | 46 |
| परियोजना विकास प्रबंधक (व्यवसाय) | 02 |
| केंद्रीय अनुसंधान दल (सहायता) | 02 |

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 27.10.2025 से 17.11.2025 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 27.10.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

# 20 माह में परिवार के हर सदस्य को नौकरी, 200 यूनिट बिजली फ्री

*बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। इसे 'बिहार का तेजस्वी प्रण' शीर्षक नाम दिया गया है। इसके मौके पर महागठबंधन के सीएम उम्मीदवार तेजस्वी यादव सहित सहयोगी दलों के नेता मंच पर उपस्थित थे।*

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। 'बिहार का तेजस्वी प्रण' शीर्षक से महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी किया है। इसके मौके पर महागठबंधन के सीएम उम्मीदवार तेजस्वी यादव सहित सहयोगी दलों के नेता मंच पर उपस्थित थे। घोषणापत्र में 20 महीने के अंदर परिवार के हर सदस्य को नौकरी, 200 यूनिट फ्री बिजली, जीविका सीएम दीदियों को नियमित करने और ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने सहित कई बड़े वादे किए गए हैं। तेजस्वी  ने साझा घोषणापत्र को जारी करते हुए कहा कि एक-एक घोषणा दिल से लिया हुआ प्रण है। हमें प्रण को प्राण खोकर भी पूरा करने पड़े तो हम अपने प्रण को पूरा करेंगे। जब भी कोई बिहारी ठान लेता है तो उसको पूरा करता है। हम सब लोग नौजवान हैं, बिहार को अव्वल राज्यों में हम देखना चाहते हैं, विकसित बिहार देखना चाहते हैं।

## बिहार का 'तेजस्वी प्रण', महागठबंधन ने वादों की लगाई झड़ी, किए कई ऐलान




### बिहार 20 साल में पीछे चला गया: खेड़ा

*इस मौके पर पवन खेड़ा ने कहा कि महागठबंधन ने सबसे पहले सीएम फेस घोषित किया और सबने मिलकर संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया। इससे यह स्पष्ट है कि कौन बिहार के लिए गंभीर है। उन्होंने कहा कि बिहार 20 सालों में पीछे चला गया है। उसे वापस पटरी पर लाना है।*

### सीएम नीतीश कुमार से जताई सहानुभूति

*उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के प्रति सहानुभूति रखता हूं, लेकिन कहना चाहता हूं कि भाजपा के लोगों ने, भ्रष्ट अधिकारियों ने नीतीश को पुतला बनाकर रखा है। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने साफ कहा कि विधायक तय करेंगे कि एनडीए का सीएम कौन होगा? चुनाव के बाद भाजपा नीतीश को सीएम नहीं बनाएगी।*

## संकल्प पत्र में ये किए वादे

- इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही 20 दिनों के अंदर प्रदेश के हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का अधिनियम लाया जाएगा
- हमारी सरकार युवकों को नौकरी देने के अपने संकल्प पर अमल करते हुए 20 महीने में शीघ्र नौकरी प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर देगी
- सभी जीविका दीदियों को स्थायी किया जाएगा और उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाएगा। उनका वेतन 30,000 प्रतिमाह सुनिश्चित किया जाएगा।
- जीविका दीदियों के द्वारा लिए गए ऋण पर ब्याज माफ किया जाएगा और दो वर्षों तक बिना ब्याज का ऋण प्रदान किया जाएगा। जीविका केंद्र की दीदीयों को उनके कार्य के निष्पादन के लिए हर महीने 2,000 रुपए । भत्ता दिया जाएगा।
- जीविका केंद्र के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष को भी मानदेय प्रदान किया जाएगा।
- सभी संविदाकर्मियों और आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों को स्थायी किया जाएगा।
- आईटी पार्क, स्पेशल इकोनॉमिक जोन, डेयरी-वेस्ड इंडस्ट्रीज, एग्रो-वेस्ड इंडस्ट्रीज, स्वास्थ्य सेवा, कृषि उद्योग, फूड प्रोसेसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स, -टेलिकम्यूनिकेशन और पर्यटन के क्षेत्रों में कौशल-आधारित रोजगार का सृजन किया जाएगा।
- 2000 एकड़ में एजुकेशनल सिटी
- माई बहिन योजना के तहत महिलाओं को ढाई हजार रुपए प्रतिमाह की राशि दी जाएगी।
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1500 रुपए दी जाएगी और इसमें हर साल 200 रुपए की वृद्धि की जाएगी।
- 200 यूनिट फ्री बिजली देने का भी ऐलान किया।
- ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाएगी
- वक्फ संशोधन विधेयक (कानून) पर रोक लगाई जाएगी और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी बनाएंगे।
- आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े मुस्लिम समुदाय की समानता और उन्नति सुनिश्चित करने के लिए सच्चर समिति की सिफारिशों को लागू किया जाएगा।
- बौद्ध गया स्थित बौद्ध मंदिरों का प्रबंधन बौद्ध समुदाय के लोगों को सुपुर्द किया जाएगा।

### केंद्रीय गृहमंत्री शाह करेंगे घोषणा

## कल एनडीए जारी करेगा घोषणा पत्र, दिया जा रहा अंतिम रूप



बिहार विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के घोषणापत्र को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संकल्प पत्र को लेकर आज पटना में भाजपा के बिहार चुनाव के मैनिफेस्टो कमिटी की बैठक होगी। इस बैठक में भाजपा संकल्प पत्र के मुद्दों, वादों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस बैठक में संकल्प पत्र जारी करने की तारीख भी तय होगी। 30 अक्टूबर को भाजपा का संकल्प पत्र जारी हो सकता है। गृह मंत्री अमित शाह इसे जारी कर सकते हैं। इसके साथ ही एनडीए का साझा एजेंडा फॉर गवर्नेंस भी तैयार किया जा रहा है।

### इन मुद्दों पर रहेगा जोर

इसमें एनडीए के सभी सहयोगी दलों के घोषणापत्र की प्रमुख बातों को शामिल किया जाएगा। बिहार को शैक्षणिक और औद्योगिक हब बनाने पर जोर होगा। युवाओं को रोजगार देने के लिए कई बड़ी योजनाओं का ऐलान हो सकता है।

### मुख्यमंत्री के चेहरे पर किया खुलासा

## चिराग ने सीएम के लिए नीतीश का नाम बताया



बिहार में अब सीएम फेस को लेकर चर्चा शुरू होने लगी है। अब एनडीए के नेता चिराग पासवान ने खुद सीएम फेस को लेकर बड़ा बयान दिया है। चिराग से एनडीए के मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर सवाल किया तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आखिर एक ही घोषणा कितनी बार की जाएगी? चिराग ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनाव का नेतृत्व कर रहे हैं। विधायक आएंगे और विधायक चुनेंगे, यह सामान्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। चिराग ने यह भी कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि मेरी पार्टी से जितने भी विधायक जीतकर आएंगे वे सभी नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री चुनेंगे।

# भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में बुनियादी ढांचे की अहम भूमिका होगी

नई दिल्ली(हरिभूमि ब्यूरो )। केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुनियादी ढांचे के भविष्य के लिए तीन प्रमुख स्तंभों - जन, समृद्धि और योजना का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा जन-केंद्रित होना चाहिए, जिससे नागरिकों के लिए आराम और सुविधा सुनिश्चित हो। गडकरी ने कहा कि देश भर में सड़क के किनारे 670 सुविधाएं विकसित की गई हैं। गडकरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित 'स्मार्ट सड़कों का भविष्य - सुरक्षा, स्थिरता और अनुकूलन' विषय पर सीआईआई के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

> गडकरी ने कहा, मंत्रालय का वर्तमान वार्षिक राजस्व 55,000 करोड़ दो वर्षों के भीतर बढ़कर 1.4 लाख करोड़ होने का अनुमान

### आर्थिक विकास, निवेश व रोजगार सृजन के अपार अवसर

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2027 तक भारत को पाँच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अंतर्गत, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का विकास एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सड़क और परिवहन क्षेत्र देश भर में आर्थिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन के अपार अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय का वर्तमान वार्षिक राजस्व 55,000 करोड़ रुपये अगले दो वर्षों के भीतर बढ़कर 1.4 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है, जो इस क्षेत्र की अपार विकास क्षमता को दर्शाता है। गडकरी ने कहा कि मंत्रिमंडल में वर्ष 2027 के लिए एक व्यापक बुनियादी ढाँचा योजना पर चर्चा की गई, जिसमें सड़क निर्माण में 80 लाख टन पृथक प्लास्टिक कचरे का उपयोग और सड़क निर्माण के लिए शोधन संयंत्रों से उपचारित जल का पुनः उपयोग जैसी स्थायी पहल शामिल हैं।



### चल रहा काम

*25,000 किलोमीटर लंबे दो-लेन राजमार्गों को चार लेन में बदलने का काम चल रहा है, जबकि 2 लाख करोड़ रुपये का बंदरगाह संपर्क कार्यक्रम सभी प्रमुख बंदरगाहों को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि बेहतर सड़क संपर्क देश के कई हिस्सों में धार्मिक पर्यटन और साहसिक खेलों को बढ़ावा दे रहा है।*


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 468 दिनांक 22.10.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।

**गुमशुदा की पहचान बारे-**

नाम - दीपक
पिता/पति- पुत्र अशोक खुराना
पता - निवासी कमला नगर रोहतक
उम्र- 33 वर्ष
कद- 5 फुट 6 इंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर।
पहनावा – टी शर्ट व लोवर पहने हुए है ।



दिनांक 22.10.25 को दीपक पुत्र अशोक खुराना निवासी कमला नगर रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 8814038021

पीआरडीएच-1084/11/4060/2026/39816/88/6 दि. 28.10.25


*मजबूत हुआ आपसी तालमेल और क्षमता*

# भारत व अमेरिका की नौसेनाओं का पनडुब्बी-रोधी युद्ध अभ्यास

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारत और अमेरिका ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू) और समुद्री क्षेत्र में जागरूकता पर केंद्रित संयुक्त युद्ध अभ्यास किया, ताकि दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी तालमेल और क्षमता को मजबूत किया जा सके। अमेरिका के सातवें बेड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अमेरिका और भारत की नौसेनाएं साथ उड़ान भर रही हैं। डिएगो गार्सिया के पास संयुक्त पी-8 प्रशिक्षण ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध कौशल और समुद्री क्षेत्र की जागरूकता को निखारा और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने की हमारी सामूहिक क्षमता को बढ़ाया। रक्षा दृश्य सूचना वितरण सेवा (डीवीआईडीएस) ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'कमांडर टास्क फोर्स 72' (सीटीएफ) के मिशन में समुद्री गश्ती और टोही विमान (एमपीआरए) पी-8ए पोसाइडन ने भारतीय नौसेना के एमपीआरए पी-8आई के साथ डिएगो गार्सिया और हिंद महासागर के पास संयुक्त अभ्यास में भाग लिया। यह अभ्यास 22 से 28 अक्तूबर के बीच आयोजित किया गया था। पी-8आई के डिएगो गार्सिया पहुंचने के बाद अमेरिकी और भारतीय चालक दल ने अभ्यास के लिए संचालन योजना पर मिलकर काम किया, जिससे समुद्री में सूचना साझा करने और सहयोग की नींव रखी गई। इस तट आधारित चरण को संयुक्त उड़ान और द्विपक्षी पनडुब्बी-रोधी और संचार अभ्यास के साथ पूरा किया गया। बयान में कहा गया, पैट्रोल स्क्वाड्रन (वीपी) 4 को सीटीएफ 72 में तैनात किया गया, जो अमेरिकी नौसेना के सातवें बेड़े समुद्री गश्ती और टोही विमानों के लिए कमान एवं नियंत्रण मुख्यालय है।

# 360 डिग्री घूमेगा, 10 हजार मेहमान आमंत्रित

**अयोध्या।** यहां भगवान राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में फिर से बड़ा आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को धर्मध्वजा फहराएंगे। ध्वजा बहुत खास है, केसरिया रंग की ध्वजा बहुत विशेष है। ये बड़े से बड़े आंधी-तूफान को झेल जाएगा। इसे कोई नुकसान नहीं होगा। प्रेशर बनने पर धव्जा 360 डिग्री पर घूम सकती है। मंदिर का ध्वज केसरिया रंग की है, जिस पर सूर्य, ओम, कोविदर के चिन्ह बने हुए हैं। राम मंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर पर 42 फीट ऊंचा स्तंभ स्थापित किया गया है. इसी स्तंभ पर 22 फीट लंबी और 11 फीट चौड़ी पताका फहराई जाएगी।

### अयोध्या में राम मंदिर का ध्वज आंधी-तूफान में भी फहराएगा

*पीएम मोदी राम मंदिर के साथ-साथ आठ अन्य मंदिरों के शिखर पर भी ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण के बाद 70 एकड़ परिसर में बने मंदिरों के दर्शन शुरू हो जाएंगे। ध्वजारोहण कार्यक्रम 21 नवंबर से शुरू हो जाएगा। मुख्य आयोजन 25 नवंबर को होगा।*

## ऐसा मत कहो, वरना अंजाम भुगतने होंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कानून के छात्र के खिलाफ फेसबुक पोस्ट पर दर्ज आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। पोस्ट में कहा गया था कि बाबरी मस्जिद भी एक दिन फिर से बनाई जाएगी। कोर्ट ने कहा यदि आप ऐसा व्यवहार करेंगे, तो इसके परिणाम भुगतने होंगे।


## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा खुली निविदा संख्या 38–अम्बाला/2025–26 दिनांक 27.10.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू.) | अग्रिम राशि (रू.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/पीटीए के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एल/पीटीए के खंड पटियाला में पीएफ–1ए की पी.एफ. सतह की मरम्मत और नए पीएफ–2/3 पर छोटे आश्रय का प्रावधान और डीबीएन, सीटीडब्ल्यू में टूटी हुई पीएफ बाड़ की मरम्मत और डीओसी में पीएफ फर्श, प्लास्टरिंग, फुटपाथ साइनेज बोर्ड की मरम्मत, डीबीएन में पीएफ आश्रय की मरम्मत, एनबीए स्टेशन आदि विभिन्न सेवा भवनों में बेंच और ग्रिल की कमी, एनबीए, डीबीएन, केएलएसएक्स, सीटीडब्ल्यू, डीओसी में दिव्यांगजन शौचालय और एनबीए, केकेआरएल, पीटीई में प्रवेश द्वार पर रेलिंग और स्पर्शनीय मार्गदर्शन के साथ मानक रैंप। | 59,47,721 | 1,19,000 | 08 महीने | 20.11.2025 |
| 2 | एडीईएन/पीटीए के अंतर्गत एसएसई/पी.वे/पीटीए और यूकेएन खंड में ट्रैक के दिन–प्रतिदिन के रखरखाव से संबंधित विविध कार्य | 62,02,604 | 1,24,100 | 10 महीने | 20.11.2025 |
| 3 | एडीईएन/यूएमबी और सीडीजी अनुभाग में 36 इलेक्ट्रॉनिक प्रकार ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और एएमसी के साथ संचालन (60 महीने के लिए)। | 5,42,03,083 | 4,21,000 | 60 महीने | 20.11.2025 |
| 4 | एडीईएन/यूएमबी, सीडीजी. और एस.आर.ई. अनुभाग में 5 इलेक्ट्रॉनिक प्रकार के ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और संचालन ए.एम.सी. के साथ (60 महीने के लिए)। | 85,93,656 | 1,71,900 | 60 महीने | 20.11.2025 |
| 5 | सीनियर डीईएन/II/यूएमबी अनुभाग में 15 इलेक्ट्रॉनिक प्रकार ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और एएमसी के साथ संचालन (60 महीने के लिए)। | 2,25,84,618 | 2,62,900 | 60 महीने | 20.11.2025 |
| 6 | सीनियर डीईएन/II/यूएमबी अनुभाग में 5 इलेक्ट्रॉनिक प्रकार ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और एएमसी के साथ संचालन (60 महीने के लिए)। | 85,93,656 | 1,71,900 | 60 महीने | 20.11.2025 |
| 7 | एडीईएन/एसआरई अनुभाग में 14 इलेक्ट्रॉनिक प्रकार ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और एएमसी के साथ संचालन (60 महीने के लिए)। | 2,10,78,977 | 2,55,400 | 60 महीने | 20.11.2025 |
| 8 | सीनियर डीईएन–IV/यूएमबी अनुभाग में 39 इलेक्ट्रॉनिक प्रकार ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और एएमसी के साथ संचालन (60 महीने के लिए)। | 5,87,20,007 | 4,43,600 | 60 महीने | 20.11.2025 |
| 9 | सीनियर डीईएन–IV/यूएमबी अनुभाग में 8 इलेक्ट्रॉनिक प्रकार ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और एएमसी के साथ संचालन (60 महीने के लिए)। | 1,37,49,850 | 2,18,800 | 60 महीने | 20.11.2025 |
| 10 | SR.DEN-I-UMB के अनुभाग में सीटीआर 15.116 टीकेएम के साथ मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर रेल की वेल्डिंग। | 1,31,69,925 | 2,15,900 | 06 महीने | 20.11.2025 |
| 11 | एडीईएन/आरपीजे और एडीईएन/एसआईआर के अनुभाग में Sr.DEN-IV/UMB के तहत मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर रेल की वेल्डिंग के लिए, SWR से LWR में लूप लाइनों के परिवर्तन के लिए, स्वीकृत कार्य सरहिंद–नंगल डेम (SL)-TRR(P)-40.575Tkm. | 4,50,49,131 | 3,75,300 | 18 महीने | 20.11.2025 |

नोटः 1 ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2 अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3 निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4 ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5 जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **3346/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह में 12 अदद लिफ्टों (मेक ओरबिस) हेतु व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान के लिए निविदा। | 30.10.2025<br>09.11.2025 | 24.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007<br>tendergmcmewat@gmail.com |
| 2 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह में कैफेटेरिया के लिए कैंटीन सेवाओं के प्रावधान हेतु निविदा। | 30.10.2025<br>24.11.2025 | 15.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007<br>tendergmcmewat@gmail.com |
| 3 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान, पंचकूला, हरियाणा | ई-रिक्शा की अधिप्राप्ति। | 28.10.2025<br>26.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in<br>dsndharyana.gov.in | 0172-2570122<br>Supplies@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज नारनौल | गांव भराफ ब्लॉक कनीना, जिला महेन्द्रगढ़ में आईपीबी फिरनी का निर्माण + 1 कार्य। | 27.10.2025<br>04.11.2025 | 62.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090<br>prexeeng.nrl@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | राजकीय स्टोर में विभिन्न आकार के पीवीसी सक्शन ग्रीन होज पाइप की आवश्यकता। | बंद होने की तिथि<br>03.11.2025 | 0.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058<br>xenlwsmech@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच–11/2026/100/39818/I/88/6 दि. 28.10.25



## प्रारूप समेकन स्कीम

मंडी आदमपुर जिला हिसार में आदमपुर दड़ौली रोड़ से आदमपुर भादरा रोड़ (SH-10) को जोड़ने के लिए बाईपास के निर्माण (Construction of Adampur Bye pass road from Adampur Daroli road to Adampur Bhadra road Km 0-00 to 2-357 in Hisar District Adampur Constituency) परियोजना के सम्बन्ध में हरियाणा परियोजना भूमि समेकन (विशेष उपबन्ध) अधिनियम, 2017 की धारा 8 व हरियाणा परियोजना भूमि समेकन (विशेष उपबन्ध) नियम, 2018 के नियम 3 (iii) के अन्तर्गत परियोजना भूमि की प्रारूप समेकन स्कीमः-

पैरा नं.1 हरियाणा राज्य के राजस्व अभिलेख के अनुसार मंडी आदमपुर जिला हिसार में हरियाणा सरकार के लोक निर्माण विभाग (भवन एंव मार्ग शाखा) द्वारा आदमपुर दड़ौली रोड़ से आदमपुर भादरा रोड़ (SH-10) जोड़ने के लिए बाईपास के निर्माण परियोजना हेतू ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि मालिकों की सहमति से खारा बरवाला में हदबस्त नं० 33 व गाँव मंडी आदमपुर में हदबस्त नं० 34 का कुल रकबा 3.76 एकड़ उक्त बाईपास निर्माण हेतू भूमि की खरीद की जानी थी। उक्त एकड़ में से भू-स्वामियों द्वारा अपनी इच्छा से कुल भूमि का 70 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र की सेल डीड लोक निर्माण विभाग (भवन एंव मार्ग शाखा) के नाम करवाई जा चुकी है। तत्पश्चात उपरोक्त परियोजना हेतू आवश्यक शेष निजी भूमि 0.10 एकड़ के कारण परियोजना की व्यवहार्यता हेतु परियोजना भूमि को हरियाणा परियोजना भूमि समेकन (विशेष उपबन्ध) अधिनियम, 2017 की धारा 5 में समेकन हेतु अधिसूचित करवाया जा चुका है।

पैरा नं.-2 परियोजना भूमि के रूप में घोषित परियोजना भूमि की 70 प्रतिशत से अधिक भूमि लोक निर्माण विभाग (भवन एंव मार्ग शाखा) हरियाणा द्वारा खरीदी जा चुकी है। उक्त अधिनियम की धारा 3 के अनुसार परियोजना की व्यवहार्यता हेतु शेष निजी भूमि के भू-खण्डों के दृष्टिगत परियोजना भूमि का समेकन किया जाना है। जिस पर हरियाणा परियोजना भूमि समेकन (विशेष उपबन्ध) अधिनियम, 2017 तथा हरियाणा परियोजना भूमि समेकन (विशेष उपबन्ध) नियम, 2018 लागू होगें।

पैरा नं.-3 परियोजना भूमि के समेकन के कार्य को करने हेतु हरियाणा परियोजना भूमि समेकन (विशेष उपबन्ध) अधिनियम, 2017 की धारा 4(1) के अन्तर्गत उपमण्डल अधिकारी (ना०), हिसार को मंडी आदमपुर तहसील के क्षेत्र में स्थित परियोजना भूमि के समेकन हेतु सक्षम प्राधिकारी के रूप में घोषित कर शक्तियां प्रदान की गई है और उनको इस कार्य के सहयोग के लिए आवश्यकता अनुसार हल्का पटवारी, हल्का गिरदावर व अन्य कर्मचारी उपलब्ध हैं। सक्षम प्राधिकारी द्वारा हरियाणा परियोजना भूमि समेकन (विशेष उपबन्ध) नियम, 2018 के नियम 3 के अन्तर्गत शक्तियों, कार्यों तथा कर्तव्यों का निर्वहन किया जाएगा।

पैरा नं.-4 इस परियोजना की भूमि समेकन हेतु प्रारम्भिक रिकॉर्ड तैयार किया जायेगा। जिसमे भूमि के इन्डेक्स नम्बरान खसरा, सजरा तजवीजी, परियोजना चकबन्दी, खतौनी, फील्ड बुक, ततीमा सजरा, रेजुलेशन समेकन व पास बुक तैयार की जायेगी और परियोजना भूमि के लिए बनने वाली अन्तिम समेकन स्कीम के अनुरूप कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

पैरा नं.5 - मंडी आदमपुर जिला हिसार में आदमपुर दड़ौली रोड़ से आदमपुर भादरा रोड़ (SH-10) को जोड़ने के लिए बाईपास के निर्माण परियोजना की कुल परियोजना भूमि 3.76 एकड़ है, जिसमे सजरा अनुसार मंडी आदमपुर के किला नम्बरान 121//21/2/2 जिनका कुल रकबा 0.10 एकड़ उक्त परियोजना हेतु रिर्जव रहेगा।

पैरा नं.-6 परियोजना के समेकन हेतु हरियाणा परियोजना भूमि समेकन (विशेष उपबन्ध) अधिनियम, 2017 की धारा 6 के प्रावधानों के अनुरूप निजी भूमि के रह गए भू-खण्डों के स्वामियों को नोटिस जारी किए गए। जिसमें मुकेश पुत्र श्री राम नारायण पुत्र सही राम व निवासी गांव आदमपुर तहसील आदमपुर जिला हिसार द्वारा नोटिस के जवाब प्रस्तुत करते हुए प्रार्थना कि है कि उसकी अधिक्रत की जा रही भूमि के एवज में सामने लगती पंचायती भूमि में से भूमि दिलवाई जाए। जिसके संदर्भमें सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधीक्षक अभियंता लोक निर्माण विभाग (भवन व सडकें) हिसार व जिला विकास एंव पंचायत अधिकारी हिसार को अधिग्रहित की जा रही भूमि के एवज में भूमि दिलवाने के सम्बंध में सरकार की कोई हिदायत या Precedents के बारे में लिखा गया था। जिसके सम्बंध में अधीक्षक अभियंता लोक निर्माण विभाग (भवन व सडके) हिसार द्वारा इस कार्यालय को अवगत करवाते हुए लिखा है कि अधिग्रहित की जा रही भूमि के एवज में भूमि दिलवाने के सम्बंध में सरकार की कोई हिदायत या Precedents ना है। जिला विकास एंव पंचायत अधिकारी हिसार द्वारा अवगत करवाया गया कि एचसीपीएल (एसपी हरियाणा एक्ट 28 ऑफ 2017 की धारा 4) के अंतर्गत प्रार्थी की अधिग्रहण की जा रही भूमि मे एवज में सामने लगती पंचायती भूमि मे से भूमि दिलवाने बारे का पंचायती राज एक्ट में कोई प्रावधान नहीं है। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य भू-खण्ड स्वामी द्वारा नोटिस द्वारा कोई जवाब ना दिया गया है। अतः धारा 7 व 8 (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 7 (i) के विकल्प का विनिश्चय करते हुए शेष भूमि जो उक्त परियोजना से सम्बन्धित है का प्रतिकर (कम्पनसेशन) कलेक्टर दर जमा बीस प्रतिशत (Construction Site) व कार्यकारी अभियंता प्रांतीय समभाग न० 1, लोक निर्माण विभाग (भवन व सड़कें) हिसार से प्राप्त निर्माण के लिए मुआवजा रिपोर्ट (प्रति साथ संलग्न) के आधार पर परियोजना भूमि के समेकन हेतु यह प्रारूप समेकन स्कीम अधिसूचित की जाती है।

पैरा नं.-7 मंडी आदमपुर जिला हिसार में आदमपुर दड़ौली रोड़ से आदमपुर भादरा रोड़ (SH-10) को जोड़ने के लिए बाईपास के निर्माण परियोजना की कुल परियोजना भूमि 3.76 एकड़ है, जिसमें गाँव मंडी आदमपुर हदबस्त न० 34 जिला हिसार की परियोजना भूमि के समेकन पश्चात 0.10 एकड़ के सभी भूस्वामियों का मालकाना हक खत्म हो जाएगा तथा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार परियोजना भूमि के क्षेत्र का उक्त सरकारी विभाग के पक्ष में इन्तकाल किया जाएगा।

पैरा नं.-8 मंडी आदमपुर जिला हिसार में आदमपुर दड़ौली रोड़ से आदमपुर भादरा रोड़ (SH-10) को जोड़ने के लिए बाईपास के निर्माण परियोजना की परियोजना भूमि के समेकन के दौरान किसी भूस्वामी की भूमि में चाह, कोठरी / कमरा, मकानात, बाग, टयूबैल फैक्ट्री आदि निर्मित किया हुआ पाया जाएगा तो इस प्रकार के ढांचे की कीमत का आकलन कार्यकारी अभियन्ता, पी०डब्लयु०डी० (बी०एण्ड०आर०) द्वारा करवाया जाएगा व पाये जाने वाले ढांचे की आकलन पर निर्धारित की गई कीमत के अनुसार प्रतिकर (कम्पनसेशन) सम्बन्धित भू-स्वामी को अदा की जायेंगी।

पैरा नं.-9 सक्षम प्राधिकारी एवं उपमण्डल अधिकारी (ना०), हिसार द्वारा 2017 के अधिनियम की धारा 8 (1) के अनुसार यह प्रारूप समेकन स्कीम तैयार की गई है जिसकी अधिसूचना के 15 दिनों के अन्दर अन्दर हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा आक्षेप दिया जा सकता है। सक्षम प्राधिकारी अधिनियम की धारा 8 (2) और नियम 3 (iv) के अनुसार प्राप्त आक्षेपों पर निर्णय आक्षेप दायर करने की अन्तिम तिथी से एक मास के भीतर निर्णय करेगा व अन्तिम समेकन स्कीम को धारा 9 व नियम 3(v) के अन्तर्गत अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाएगा जिसके प्रकाशन के बाद धारा 9ए (1) के अन्तर्गत उपायुक्त हिसार के समक्ष अपील की जा सकती हैं जिन पर निर्णय प्राप्त होने पश्चात आवश्यकता अनुसार संशोधित अन्तिम समेकन स्कीम को अधिसूचित सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा।

पैरा नं.- 10 सक्षम प्राधिकारी द्वारा 2017 के अधिनियम की धारा 10 और नियम 3 (VI) के अनुरूप अन्ततः पारित स्कीम अनुसार निजी भूमि के रह गए भू-खण्डों का कब्जा लिया जाएगा व प्रतिकर (कम्पनसेशन) संवितरित किया जाएगा व तत्पश्चात धारा 11 व नियम 7 के अनुरूप अन्तिम समेकन स्कीम के अनुसार लोक निर्माण विभाग (भवन एंव मार्ग शाखा) के पक्ष में राजस्व अभिलेख को अद्यतन किया जाएगा।

**हस्ता/-उपमण्डल अधिकारी (ना०), हिसार एवम् अधिनियम के अंतर्गत सक्षम प्राधिक्यूरी,**

पीआरडीएच-1081/11/104/2026/39814/88/6 दि. 28.10.25

## चिंतन

# मोदी सरकार ने कर्मचारियों के हित में लिया बड़ा फैसला

सरकारी कर्मचारी समाज और सरकार के लिए बहुत ज़रूरी हैं, क्योंकि वे सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करते हैं, जो समाज के सुचारू कामकाज के लिए आवश्यक हैं। वे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कानून व्यवस्था और बुनियादी ढांचे जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करके देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। सरकारी कर्मचारी ही देश में कानून और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे समाज में स्थिरता और सुरक्षा बनी रहती है। वे सरकार की नीतियों और विकास योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर लागू करते हैं, जिससे समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके। कर्मचारी सरकारी विभागों, संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों के माध्यम से रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था में योगदान करते हैं। ऐसे में सरकार का भी दायित्व बनता है कि समय-समय पर कर्मचारियों के हितों और उनकी जरूरतों को पूर्ण किया जाए। ऐसा ही कदम केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने मंगलवार को उठाया है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी है। यह आयोग केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन, भत्ते, पेंशन और अन्य लाभों की समीक्षा करेगा और उसी के आधार पर सैलरी में बढ़ोतरी की सिफारिश करेगा। आयोग को अपनी रिपोर्ट साल 2026 तक सौंपनी होगी। आमतौर पर वेतन आयोग का गठन हर दस साल में किया जाता है। पिछला यानी 7वां वेतन आयोग 2014 में बना था और इसकी सिफारिशें 2016 में लागू की गई थीं। केंद्र सरकार द्वारा गठित वेतन आयोग एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति होती है, जिसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों के वेतन और भत्तों की समीक्षा कर उन्हें वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों के अनुसार न्यायोचित बनाना होता है। यह आयोग सुनिश्चित करता है कि कर्मचारियों को ऐसा वेतन मिले, जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। इसके अलावा यह पेंशन, महंगाई भत्ता, चिकित्सा और आवास जैसी सुविधाओं से जुड़ी नीतियों में सुधार की सिफारिशें भी करता है। वेतन आयोग का गठन सामान्यतः हर 10 वर्ष में एक बार किया जाता है। हालांकि, यह कोई अनिवार्य नियम नहीं है। सरकार आर्थिक स्थिति, महंगाई और राजकोषीय जरूरतों को देखते हुए इसे पहले या बाद में भी गठित करती रही है। वेतन आयोग का लाभ केवल उन्हीं कर्मचारियों को मिलता है, जिन्हें केंद्र सरकार के कंसोलिडेटेड फंड से वेतन प्राप्त होता है। यानी, केंद्रीय सिविल सेवाओं के सभी अधिकारी और कर्मचारी इसके दायरे में आते हैं। इसके बाद राज्य सरकारें भी अपने कर्मचारियों के लिए केंद्र की तर्ज पर ही वेतन संशोधन का कार्य करती हैं। वेतन आयोग देखता है कि पिछले वर्षों में महंगाई दर कितनी बढ़ी है और इसका कर्मचारियों की जीवनशैली पर क्या असर पड़ा है। महंगाई बढ़ने पर आयोग वेतन वृद्धि का अनुपात उसी अनुसार तय करता है। आयोग यह भी देखता है कि कर्मचारियों की उत्पादकता और कार्यकुशलता में कितना सुधार आया है। यदि प्रदर्शन बेहतर है, तो सिफारिशों में इसका असर दिखाई देता है। आयोग निजी क्षेत्र में मिलने वाले वेतन का भी अध्ययन करता है, ताकि सरकारी और निजी कर्मचारियों के बीच अत्यधिक असमानता न रहे। इसका देश की अर्थव्यवस्था पर भी खासा प्रभाव पड़ता है। जब कर्मचारियों की जेब में पैसा होता है तो बाजार में खरीददारी ज्यादा होती है। इससे अर्थव्यवस्था को भी लाभ होता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस बार भी वेतन आयोग की रिपोर्ट के बाद कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले होने वाली है।



आरएसएस के सौ वर्ष
कैप्टन अभिमन्यु

# शताब्दी का पर्व, राष्ट्र चेतना का उत्सव

संघ की शताब्दी केवल एक इतिहास नहीं, बल्कि एक सतत चलने वाली साधना है। यह देश और समाज प्रेम की भावना को कूट-कूट कर भरती है। संघ की यह यात्रा हर भारतवासी को प्रेरित करती है कि वह अपने जीवन में सेवा, अनुशासन और समर्पण के आदर्शों को अपनाए। यही मूल मंत्र भारत को विश्वगुरु बनाएगा और दुनिया में भारत की पताका फहराएगी। इसके लिए संघ के स्वयंसेवक हमेशा तत्पर हैं और भारत जैसे विशाल देश को आत्मनिर्भर, मजबूत और सशक्त बनाने की भावना के साथ लगातार तत्परता से काम कर रहे हैं। "चरैवेति चरैवेति" यही संघ का मूल मंत्र है। निरंतर कर्म, निरंतर सेवा, और निरंतर राष्ट्र के प्रति समर्पण यही भारत की शक्ति है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होना सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए गर्व और गौरव का विषय है। यह केवल एक संगठन की शताब्दी नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, संगठन, सेवा, संस्कृति और संस्कारों की सौ वर्षीय साधना का उत्सव है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर, 1925 को डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने विजयादशमी के दिन नागपुर में की थी। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा प्रज्ज्वलित वह दीप आज करोड़ों स्वयंसेवकों के जीवन में त्याग, अनुशासन और समर्पण का आलोक बन चुका है। संघ की शताब्दी केवल एक इतिहास नहीं, बल्कि एक सतत चलने वाली साधना है। जो पीढ़ी दर पीढ़ी में राष्ट्र-प्रेम, भाईचारे और समाज सेवा की भावना का संचार करती है। यह देश और समाज प्रेम की भावना को कूट-कूट कर भरती है।

संघ से प्रेरित हर शख्स देश, समाज और राष्ट्र सेवा के लिए हमेशा तैयार रहता है। संघ के स्वयंसेवक देश और समाज के लिए हमेशा सजग रहते हैं। परिस्थितियां चाहें कैसी भी हो, संघ के स्वयंसेवक देशप्रेम की भावना से कभी विमुख नहीं होते। देश के लिए हमेशा कुछ कर गुजरने का जज्बा इनमें देखते ही बनता है। निरंतर कर्म का शाश्वत संदेश संघ की यात्रा हमारे ऋषि-मुनियों की उस अमर वाणी का स्मरण कराती है।"चरैवेति . . . चरैवेति . .",. अर्थात रुकना नहीं, थकना नहीं, हारना नहीं। यही सतत कर्म और निस्वार्थ सेवा का भाव संघ की आत्मा है। संघ के स्वयंसेवक इस भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर समाज के प्रत्येक वर्ग तक राष्ट्र सेवा का प्रकाश पहुंचा रहे हैं। यह वही भाव है, जिसने हर कठिन परिस्थिति में संघ को और अधिक सशक्त बनाया है। चाहे देश का विभाजन काल हो, प्राकृतिक आपदाएं हों या समाज के भीतर फैला विषमता का अंधकार, स्वयंसेवक सदैव राष्ट्रसेवा में अग्रणी रहे हैं। उनमें समाज सेवा के लिए किसी भी हद जक जाने का जज्बा हमेशा विद्यमान रहा है। जो उनकी सेवा और समर्पण को दर्शाता है। यह सौ साल यानी वर्ष 1925 से चली आ रही परंपरा आज भी निर्बाध गति से जारी है। यह एक साधना है। इसमे तपकर निकले सेवकों ने हमेशा देश और समाज का मान बढ़ाया है। दुनिया में देश की पताका फहराने का काम किया है। यही हिम्मत और जोश इन्हें आमजन से अलग बनाता है। सेवा, संगठन और संस्कार की अद्भुत त्रिवेणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पिछले सौ वर्षों में समाज जीवन के हर क्षेत्र में सृजनात्मक भूमिका निभाई है। संघ की प्रेरणा से देशभर में हजारों सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक संगठन कार्यरत हैं। जो समाज में महती भूमिका निभा रहे हैं। विद्या भारती ने संस्कारयुक्त और राष्ट्रनिष्ठ शिक्षा प्रणाली को जन-जन तक पहुंचाया। इससे हजारों युवा शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन को सफल बना चुके हैं। आज भी बच्चे और युवा संघ के स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर समाज और देश सेवा के लिए आगे आ रहे हैं। सेवा भारती ने निर्धन, वंचित और आपदा-ग्रस्त लोगों के जीवन में आशा की किरण जगाई। इसके जरिये समाज के गरीब और वंचित तबके को आगे लाकर मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया जा रहा है। इसके लिए संघ सेवक हमेशा तैयार हैं और हर लड़ाई लड़ने के लिए सज हैं। ग्रामोदय अभियान और एकात्म मानव दर्शन पर आधारित कार्यों ने स्वावलंबी



भारत की नींव रखी। इसके जरिये ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की धारा से जोड़ने के लिए सभी संभव प्रयास किए गए हैं। कहा जाता है शहर के विकास का रास्ता गांवों से ही होकर गुजरता है। आरएसएस ने इस भावना को और आगे बढ़ाया और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए ग्रामोदय अभियान शुरू किया और गांवों के विकास के पथ पर आगे बढ़ाया। राष्ट्र सेविका समिति ने मातृशक्ति को संगठन और नेतृत्व के केंद्र में स्थापित किया। इसका उद्देश्य महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण में शामिल करना है। "संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक यह मानता है कि संगठन की शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है। जब समाज संगठित होता है, तब राष्ट्र सशक्त होता है।" इसलिए नारी सशक्तिकरण भी बेहद जरूरी है। इसी भावना को देखते हुए राष्ट्र सेविका समिति लगातार महिलाओं को मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। आज भारत "वसुधैव कुटुम्बकम" के मंत्र के साथ विश्व मंच पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस विचार की जड़ें संघ के संस्कारों में गहराई तक विद्यमान हैं। संघ ने विश्व भर में भारतीय संस्कृति, परिवार मूल्यों और सामाजिक एकता का संदेश पहुंचाया है। विदेशों में भी हजारों स्वयंसेवक भारतीय जीवन-दृष्टि के प्रचारक बनकर "भारत की आत्मा" को जीवित रखे हुए हैं। यह वही विचारधारा है जो कहती है कि "हम सब एक परिवार हैं, हमारा सुख और दुःख समाज के सुख-दुःख से जुड़ा है।" यही भावना विश्व पटल पर भारतीय दृष्टि की पहचान है। इसी धारणा को लेकर संघ ने दुनिया में भारत का नाम चमकाया है। अपनी संस्कृति से दुनिया को अवगत करवाया और देश में सामाजिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। इससे एकता और भाईचारे की भावना बढ़ी और लोगों में एक दूसरे पर विश्वास कायम हुआ। अब जब भारत "अमृत काल" में प्रवेश कर चुका है, तब संघ की भूमिका और भी व्यापक होती जा रही है। अब जिम्मेदारियां और बड़ी हैं। इनको समय पर पूरा करना और देश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाना जैसी चुनौतियों को समय पर पूरा करना होगा। तभी अमृतकाल का यह समय सार्थक होगा और हर भारतीय गर्व से कह सकेगा की मैं अब आत्मनिर्भर हूं। अब संघ का उद्देश्य केवल संगठन निर्माण ही नहीं है, बल्कि एक सशक्त, आत्मनिर्भर और संस्कारित भारत का निर्माण करना है। संघ का संकल्प है कि आने वाले सौ वर्षों में भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित किया जाए और भारत दुनिया में अग्रणी भूमिका निभाए। इसके लिए संघ लगातार दृढ़ता के साथ काम कर रहा और आगे बढ़ रहा है। संघ के स्वयंसेवक देश के हर कोने में यह संदेश लेकर आगे बढ़ रहे हैं कि सेवा ही धर्म है। राष्ट्र ही सर्वोपरि है और संगठन ही शक्ति है।

यह एक सतत साधना का शतक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी केवल बीते सौ वर्षों का स्मरण नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों का संकल्प भी है। यह उस जीवन दृष्टि का उत्सव है, जिसमें व्यक्ति का जीवन समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित होता है। संघ की यह यात्रा हर भारतवासी को प्रेरित करती है कि वह अपने जीवन में सेवा, अनुशासन और समर्पण के आदर्शों को अपनाए। यही मार्ग भारत को सशक्त, समरस और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके लिए संघ के स्वयंसेवक हमेशा तत्पर हैं और भारत जैसे विशाल देश को आत्मनिर्भर, मजबूत और सशक्त बनाने की भावना के साथ लगातार तत्परता से काम कर रहे हैं। यही मूल मंत्र भारत को विश्वगुरु बनाएगा और दुनिया में भारत की पताका फहराएगी। "चरैवेति चरैवेति" यही संघ का मूल मंत्र है। निरंतर कर्म, निरंतर सेवा, और निरंतर राष्ट्र के प्रति समर्पण यही भारत की शक्ति है।

( लेखक पूर्व वित्त मंत्री, हरियाणा एवं सामाजिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दो टूक

उमेश चतुर्वेदी



# वीजा नियमों के उल्लंघन की छूट किसी को नहीं

दीपावली के अगले दिन यानी 21 अक्टूबर की सुबह भारत के अखबार दिल्ली समेत समूचे उत्तर भारत की दमघोटूं जहरीली हवा की खबरों से भरे हुए थे। उन्हीं खबरों के बीच एक छोटा-सा समाचार अखबारों के पन्नों के बीच खो गया था। खबर यह थी कि लंदन में रह रही इतालवी मूल की हिंदी विद्वान फ्रांचेस्का ओरसिनी को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ही हांगकांग वापस भेज दिया गया। भारतीय मनीषा के बीच फ्रांचेस्का का नाम उनके हिंदी और उर्दू अध्ययन के लिए जाना-पहचाना है। लिहाजा इस समाचार को हिंदी का बौद्धिक समाज ले उड़ा। वामपंथ वर्चस्व वाले भारत के बौद्धिक समाज के लिए यह समाचार अहर्निश रूदन की अगली कड़ी साबित हुआ। सोशल मीडिया का हर मंच ओरसिनी की वापसी को लेकर सरकार पर हमलों से भर उठा। एक कहावत है, कौवा कान ले उड़ा। हिंदी के बौद्धिक समाज की हालत भी कुछ वैसी ही है। साहित्य की चाहे जितनी भी किताबें वह पढ़ ले, लेकिन ज्ञान के दूसरे अनुशासनों में उसकी वैसी गति नहीं है। दिलचस्प यह है कि हिंदी का समाज इन दिनों शोध से भी उफन रहा है, लेकिन किसी ने यह जानने की कोशिश नहीं कि आखिर ओरसिनी को अधिकारियों ने क्यों हवाई अड्डे से ही वापस भेज दिया। भारत सरकार के अधिकारियों की भी गलती रही कि उन्होंने ओरसिनी को वापस भेजने की नैरेटिव केंद्रित हो चुके भारतीय समाज के लिए संभावित गंभीरता को नहीं समझा। उन्हें तत्काल इसकी जानकारी देनी चाहिए कि भारत विद् के तौर पर विख्यात ओरसिनी को वापस क्यों भेजा।

हिंदी के बौद्धिक समाज के कुछ कूपमंडूक टाइप लोगों की नजर में ओरसिनी की वापसी केंद्र सरकार के डर को जाहिर करता है। कुछ ने तो उनके हिंदी और उर्दू के तुलनात्मक अध्ययन को भी इसका कारण मान लिया। अधिकारियों का ओरसिनी को वापस भेजते वक्त इन तथ्यों की ओर ध्यान गया या नहीं, लेकिन हिंदी का बौद्धिक समाज तरह-तरह की बातें बताने लगा। उसकी नजर में चूंकि ओरसिनी उर्दू और हिंदी के बीच जिस तरह के संबंधों की व्याख्या करती हैं, इसलिए वह मौजूदा कथित हिंदुत्ववादी सरकार को परेशानी है। किसी ने यह जानने की कोशिश नहीं कि वीजा को लेकर राष्ट्रों के कैसे-कैसे नियम हैं। जरा दूसरे देशों में वीजा नियमों का उल्लंघन करके देखिए, लोकतंत्र का परचम फहराने और दुनिया को लोकतंत्र की ताकीद करने वाले देश अमेरिका हो या ब्रिटेन या ऑस्ट्रेलिया या फिर यूरोप के दूसरे देश, आपने वीजा नियमों का उल्लंघन किया नहीं कि आपको वहां से दर-बदर कर दिया जाएगा। इस्लामी और तानाशाही शासन व्यवस्था वाले देशों की बात तो इससे भी आगे है। इसमें दो राय नहीं है कि 'द हिंदी पब्लिक स्फेयर, 1920-1940' और 'प्रिंट एंड प्लेजर' ओरसिनी की बहुचर्चित और गंभीर पुस्तकें हैं। द हिंदी पब्लिक स्फेयर उनकी सबसे प्रसिद्ध पुस्तकों में से एक है, जो आधुनिक भारतीय साहित्यिक अध्ययन में मील का पत्थर मानी जाती है। 1920 से 1940 के बीच हिंदी किस तरह भारत के विकसित हो रहे राष्ट्रवाद और उसके समाज के मूल्यों को स्थापित करने का वाहक बन रही थी, इस पुस्तक में इसकी गहन मीमांसा है। इसी तरह उन्होंने प्रिंट एंड प्लेज़र नामक पुस्तक में औपनिवेशिक काल के उत्तरी भारत में हिंदी और उर्दू के वाणिज्यिक प्रकाशनों का विश्लेषण किया है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे वीजा नियमों का उल्लंघन करें। वे भारत की नागरिक नहीं हैं।

लंदन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओरिएंटल स्टडीज की प्रोफेसर ओरसिनी भले ही जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में पढ़ी हैं, भले ही हिंदी पर उनका अधिकार है। इसका मतलब यह नहीं है कि भारतीय कानूनों का उल्लंघन करें। बेशक उनके पास भारत का पांच साल का पर्यटक वीजा है। लेकिन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और गृहमंत्रालय की नजरों में उन्होंने वीजा नियमों का उल्लंघन किया है। वह पर्यटक वीजा पर भारत आती रहीं, लेकिन शोध और अध्ययन में शामिल रहीं। भारत के अधिकारियों ने जब उनकी गतिविधियों की समीक्षा की तो उन्हें वीजा नियमों का उनके द्वारा उल्लंघन की बात सामने आई। लिहाजा बीते मार्च में उन्हें ब्लैक लिस्टेड घोषित कर दिया। हिंदी के कुछ बौद्धिकों को भारत सरकार की इस कार्रवाई से शर्म आ रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा और नियमों के उल्लंघन को लेकर अधिकारियों को जरूरी कदम उठाने का पूरा अधिकार है। ओरसिनी के मामले को इन्हीं संदर्भों में देखा और परखा जाना चाहिए। जिन्हें हांगकांग वापस भेज दिया, इसलिए कि वे हांगकांग से ही भारत आई थीं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## बहुत-सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
**दर्शन**

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

## योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता



संकलित
**प्रेरणा**

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पराली का हो उचित प्रयोग

पराली को जलाना वायु को तो प्रदूषित करती ही है, साथ ही खेतों की उपजाऊ क्षमता को भी कम करती है। किसानों को यह समझना और समझाना जरूरी है कि अगर वो पराली को ऐसे ही जलाते रहेंगे तो उनके खेत बंजर भी हो सकते हैं। अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉन हॉफस्ट्रैंड के अनुसार हम जिस पराली को परेशानी समझ रहे हैं, वह ऊर्जा का बेशकीमती स्रोत है। धान, मक्का, गेहूं जैसी फसलों के अवशेष का इस्तेमाल फाइबर बोर्ड और कागज बनाने में किया जा सकता है। अगर पेपर इंडस्ट्री में इसका इस्तेमाल हो तो कागज बनाने के लिए जरूरी फाइबर का लगभग चालीस फीसदी हिस्सा फसलों के अवशेष से मिल सकता है। इस तरह पराली का सही उपयोग सुनिश्चित बनाना होगा। – *महेश सराफ, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### राष्ट्र निर्माण में योगदान



विकसित भारत युवा नेता संवाद 2.0 हमारे युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का एक शानदार अवसर है। हमारे युवाओं के विचार और अंतर्दृष्टि, विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### महाझूठ का पुलिंदा



महागठबंधन का घोषणापत्र "महाझूठ का पुलिंदा" है। बिहार की जनता को गुमराह करने, धोखा देने और भ्रष्टाचार व जंगलराज को वापस लाने की साजिश! जनता ने पहले ही इनके हर झूठे वादे को नकार दिया है।
- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### आदिवासियों की आवाज



खुद को आदिवासियों की हितैषी बताने वाली हेमंत सरकार अब उन्हीं की आवाज को दबाने के लिए बर्बरता पर उतर आई है। अपनी मांगों के लिए ने स्थानीय विधायक के आवास पर जाने की कोशिश की, तो उन्हें रोकने के लिए धारा 144 लागू कर दी।
-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

### एसआईआर प्रक्रिया



करीब 20 साल पहले भी एसआईआर प्रक्रिया हुई, तब कोई विरोध नहीं हुआ। अब चुनाव आयोग ने ही ऐसा माहौल बना दिया जिससे आमजन के मन में शक पैदा हुआ है। एसआईआर से जनता के मन में मताधिकार छीनने की आशंका पनप गई है।
-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

# द. अफ्रीका तीन साल बाद 'ग्रे सूची' से बाहर निकला

दक्षिण अफ्रीका को करीब तीन साल बाद वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की संदिग्ध (ग्रे) सूची से बाहर निकलने में सफलता मिली है। वैश्विक धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानी संस्था ने पिछले सप्ताह पेरिस में अपनी तीन दिवसीय पूर्ण बैठक के समापन के बाद इस निर्णय की घोषणा की। एफएटीएफ की संदिग्ध सूची में शामिल देशों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है और ऐसे देशों को धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण आदि का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक कमियों को दूर करना होता है। दक्षिण अफ्रीका के वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'गत 32 महीनों में, दक्षिण अफ्रीका ने कार्य योजना की प्रगति का आकलन करने के लिए एफएटीएफ द्वारा नियुक्त समीक्षकों की एक टीम के साथ काम किया है।'बयान के मुताबिक, 'इस सहयोग की वजह से जुलाई 2025 के अंत में समीक्षकों ने मौके का मुआयना किया। इस दौरान समीक्षक सुधारों की स्थिरता की पुष्टि करने के लिए यहां आए और उनके द्वारा तैयार रिपोर्ट एफएटीएफ के समक्ष प्रस्तुत की गई।' बयान में कहा गया कि एफएटीएफ को आश्वासन दिया गया कि सरकार धन शोधन निरोधक और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने (एएमएल/सीएफटी) वाली प्रणाली में स्थायी सुधार के लिए प्रतिबद्धता है।




## ऑफ बीट

# 'चैटजीपीटी एटलस' से इंटरनेट ब्राउजिंग का नया दौर होगा शुरू

ओपनएआई ने पिछले सप्ताह 'चैटजीपीटी एटलस' नामक वेब ब्राउज़र पेश किया जिसे इंटरनेट के साथ हमारी बातचीत के तरीके को पूरी तरह बदलने वाला कदम बताया जा रहा है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन ने इसे "दशक में एक बार मिलने वाला अवसर" बताते हुए कहा कि यह लोगों के इंटरनेट उपयोग के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करेगा। एटलस को इस तरह से तैयार किया गया है कि यह उपयोगकर्ता के साथ हर वेबसाइट पर सक्रिय रहे, उनकी पसंद याद रखे, लेखों का सारांश दे और फ्लाइट बुक करने या किराने का सामान ऑर्डर करने जैसे कार्य तक स्वचालित रूप से पूरा करे। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि इस अत्याधुनिक तकनीक के पीछे गंभीर सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी खतरे छिपे हैं, जिनसे आम उपयोगकर्ता निपटने के लिए तैयार नहीं हैं। 'एजेंट मोड' : सुविधा के साथ जोखिम एटलस की सबसे बड़ी खासियत इसका "एजेंट मोड" है, जो चैटजीपीटी को उपयोगकर्ता की ओर से वेब पर अर्ध-स्वायत्त रूप से कार्य करने की अनुमति देता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई उपयोगकर्ता कहे "मेरे पास के किसी कॉकटेल बार में टेबल बुक करो", तो यह सुविधा न केवल विकल्प ढूंढेगी, बल्कि स्वतः बुकिंग करने का प्रयास भी करेगी।




हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# गुकेश ने नाकामुरा को हराया, 'किंग थ्रो' विवाद का हिसाब किया बराबर

एजेंसी ▶▶| सेंट लुईस

विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश ने अमेरिका के सेंट लुईस में आयोजित क्लच चेस चैंपियंस शोडाउन 2025 में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारु नाकामुरा को रैपिड फॉर्मेट में हराकर मिनी मैच अपने नाम किया। यह जीत सिर्फ एक मुकाबले की नहीं थी, यह उस विवाद का जवाब भी थी, जिसने कुछ हफ्ते पहले शतरंज जगत को हिला दिया था।

दरअसल, कुछ समय पहले दोनों के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान नाकामुरा ने गुकेश को हराने के बाद उनका किंग मोहरा उठाकर दर्शकों की ओर फेंक दिया था, जिससे भारी विवाद खड़ा हो गया था।

### गुकेश ने शालीनता से जीता दिल

गुकेश ने राउंड 2 के पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए शानदार रणनीति के साथ जीत दर्ज की। इसके बाद सभी की नजरें उनके रिएक्शन पर थीं। लेकिन गुकेश ने अपनी भावनाओं पर काबू पाते हुए शांति से बोर्ड को रीसेट किया, मोहरों को उनकी जगह पर रखा और नाकामुरा से हाथ मिलाया। उनकी इस प्रतिक्रिया ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी इसका वीडियो काफी तेजी से वायरल है। प्रशंसकों का कहना है कि 'गुकेश ने खेल भावना की मिसाल पेश की'।



### क्या है 'किंग थ्रो' विवाद?

**'चेकमेट : भारत बनाम अमेरिका'** प्रदर्शनी इवेंट का हाल ही में टेक्सास के आर्लिंगटन में आयोजन किया गया था। इस दौरान अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारु नाकामुरा ने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराने के बाद उनके राजा के मोहरे को दर्शकों की ओर फेंक दिया। इस निंदनीय कदम ने सोशल मीडिया पर चर्चा और आलोचना का तूफान खड़ा कर दिया।

### आयोजकों ने पहले से बनाई थी योजना

हालांकि बाद में यह रिपोर्ट सामने आई कि राजा के मोहरे को फेंकने की हरकत आयोजकों ने पहले से ही योजना बनाई थी। प्रसिद्ध शतरंज विशेषज्ञ लेवी रोजमन ने बताया, 'बिना संदर्भ के यह एक अप्रत्याशित और असम्मानजनक हरकत लग सकती है। लेकिन आयोजकों ने हमें इसे करने के लिए प्रोत्साहित किया था। मुझे याद है कि अगर मैंने या सागर शाह ने जीत हासिल की, तो हमें राजा के मोहरे को तोड़ना था। यह सब मनोरंजन के लिए था। गुकेश और हिकारु के मैच का विजेता राजा के मोहरे को दर्शकों में फेंकता। मुझे नहीं पता कि गुकेश ऐसा करते या नहीं। हिकारु ने बाद में गुकेश से बात की और बताया कि यह केवल शो के लिए था और कोई अपमान नहीं था।'

## खबर संक्षेप



### कजाकिस्तान ने भारत को बराबरी पर रोका

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला टीम ने कजाकिस्तान के शिमकेंट में बीआईआईके स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दूसरे और अंतिम मैत्री मैच में कजाकिस्तान अंडर-19 के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। दोनों गोल दूसरे हाफ में किए गए। एडेलिया बेक्कोझिना ने 47वें मिनट में मेज़बान टीम को बढ़त दिलाई, जबकि पूजा ने 55वें मिनट में इस दौरे का अपना दूसरा गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय टीम ने अगले साल होने वाले अंडर-20 महिला एशिया कप की तैयारी के सिलसिले में यह दौरा किया था, जिसमें उसने दो मैत्री मैच खेले। भारत ने शनिवार को पहला मैत्री मैच 3-2 से जीता था।

### ऑस्ट्रेलिया अपना आक्रामक रवैया जारी रखेगाः मार्श

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श जानते हैं कि अति आक्रामक बल्लेबाजी करने की रणनीति हमेशा कारगर साबित नहीं होती लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के तहत आक्रामक रवैया अपनाना जारी रखेगी। ऑस्ट्रेलिया अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले विश्व कप की तैयारी के तहत भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2021 में टी20 विश्व कप जीता था जबकि भारत 2024 में चैंपियन बना था। मार्श ने कहा, 'पिछले दो विश्व कप में हम अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए और मुझे लगता है कि हमने एक टीम के रूप में खुद को चुनौती देने की बात की थी, ताकि हम विश्व कप जीत सकें।''

### भारत ने एशियाई रिले के लिए लगाई बोली

**नई दिल्ली।** भारत ने आगामी वर्षों में महाद्वीपीय और वैश्विक प्रतियोगिताओं के आयोजन के अपने प्रयासों के तहत 2028 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और 2026



एशियाई रिले की मेजबानी के लिए बोलियां पेश की हैं। भारत अगर इन प्रतियोगिताओं की मेजबानी हासिल करने में सफल रहा तो यह पहली बार होगा जब देश इन दो महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 2028 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भुवनेश्वर को मेजबान शहर के रूप में प्रस्तावित किया है, जबकि 2026 एशियाई रिले के लिए स्थल अभी तय नहीं हुआ है। एएफआई के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, 'हमने 2028 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भुवनेश्वर को मेजबान शहर के तौर पर बोली प्रस्तुत की है।

### सोफी की फिटनेस को लेकर इंग्लैंड परेशान

**गुवाहाटी।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल से पहले इंग्लैंड अपनी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज सोफी एकलेस्टोन की फिटनेस को लेकर परेशान है। बाएं हाथ की इस स्पिनर को क्योंकि लेफ्ट आर्म स्पिनर को 'कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट' लगी है।



एकलेस्टोन अब तक टूर्नामेंट में इंग्लैंड की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहीं हैं। उन्होंने छह मैच में 12 विकेट लिए हैं। ईसीबी ने कहा, 'सोफी एकलेस्टोन के बाएं कंधे के एनआरआई स्कैन के नतीजों से पता चला है कि उनके कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप सेमीफाइनल से पहले उनकी चोट का आकलन जारी रहेगा।

दोनों टीम ने पिछले 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 8 जीते और एक-एक मैच हारे

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 जंग आज से, फॉर्म में लौटने को बेताब सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| कैनबरा

पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 अक्टूबर बुधवार को होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में फॉर्म में लौटने की कोशिश करेंगे। दोनों टीम ने अपने पिछले 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से आठ जीते हैं और एक-एक मैच हारे हैं, इसलिए मुकाबला बराबरी का होने की उम्मीद है। भारत का एक मैच टाई रहा, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। सूर्यकुमार का रन नहीं बना पाना टीम के लिए चिंता का विषय हो सकता है लेकिन अन्य खिलाड़ियों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी बेहतर खेल दिखाने के लिए वह प्रतिबद्ध होंगे।

आज दोपहर 1:45 बजे से शुरू होगा मुकाबला



### टी20 में पावरप्ले अहम : सूर्यकुमार

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में पावरप्ले के ओवर काफी महत्वपूर्ण होंगे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की मौजूदगी से मैच के इस समय में उनकी टीम की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। सूर्यकुमार ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली के सामने बुमराह का होना हमेशा से उनकी टीम के लिए फायदेमंद रहा है। सूर्यकुमार ने कहा, 'पावर प्ले में गेंदबाजी करना हमेशा चुनौती होती है। हमने देखा है कि वे (ऑस्ट्रेलिया) वनडे श्रृंखला और टी20 विश्व कप में किस तरह से खेले। पावर प्ले हमेशा महत्वपूर्ण होता है।'

### अभिषेक के लिए नई चुनौती



सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के लिए ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर अतिरिक्त उछाल से निपटना एक नई चुनौती होगी और इसलिए कप्तान का योगदान और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। मनुका ओवल की पिच पर उछाल होने के कारण सूर्य कुमार को अधिकतम लाभ हासिल करने का मौका मिलेगा, लेकिन जोश हेजलवुड उनके लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं।

### बुमराह की मौजूदगी महत्वपूर्ण कारक



भारत के गेंदबाजी आक्रमण की बात करें तो जसप्रीत बुमराह की मौजूदगी और वरुण चक्रवर्ती की चतुराई महत्वपूर्ण कारक होंगे। वरुण, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल के 12 ओवर तथा बुमराह और अर्शदीप के शुरुआती स्पैल ट्रेविस हेड और खतरनाक मिशेल मार्श के खिलाफ काफी महत्वपूर्ण होंगे।

### सूर्य ने 10 पारियों में सिर्फ 100 रन ही बनाए

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सूर्या का खुलकर समर्थन किया और उनका मानना है कि कप्तान का लगातार कम स्कोर पर आउट होना चिंता का विषय नहीं है। सूर्यकुमार हालांकि बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। सूर्यकुमार यादव ने 2023 में 18 पारियों में लगभग 156 के स्ट्राइक रेट से 733 रन बनाए थे, जिसमें दो शतक और पांच अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने 2024 में 151 के स्ट्राइक रेट से 450 से थोड़ा कम रन बनाए, लेकिन 2025 में अब तक भारतीय कप्तान 10 पारियों में 11 रन प्रति मैच की औसत से केवल 100 रन ही बना पाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 105 से अधिक है, जिससे यह पता चलता है कि भले ही उन्हें रन बनाने में संघर्ष करना पड़ा है, लेकिन उन्होंने अपनी आक्रामक रणनीति को पूरी तरह से नहीं छोड़ा है।

### टी-20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारी की शुरुआत

ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला अगले साल की शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारत की वास्तविक तैयारी की शुरुआत है, जिसमें उसे 15 मैच खेलने हैं। लेकिन यह कहा जा सकता है कि इस श्रृंखला के परिणाम का कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले 10 मैच घरेलू परिस्थितियों में खेले जाएंगे।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलियाः** मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन, टिम डेविड, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, जोश हेज़लवुड, ग्लेन मैक्सवेल, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मैथ्यू कुहनेमन, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस।

विमेंस वनडे रैंकिंग

# स्मृति ने हासिल की कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग, नंबर-1 पर कायम

एजेंसी ▶▶| दुबई

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने घरेलू विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के दम पर कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल करने के साथ महिला वनडे क्रिकेट में शीर्ष बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

बाएं हाथ की इस 29 साल की बल्लेबाज ने पिछले दो मैचों में न्यूजीलैंड के खिलाफ 109 और बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 34 रन बनाए हैं।

इन पारियों के बाद उनके नाम 828 रेटिंग अंक हो गए, जो दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर (731) से 97 अंक अधिक हैं। गार्डनर ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने नाबाद शतक के बाद छह स्थानों की छलांग लगाई। मंधाना को इससे पहले सितंबर 2025 के लिए 'आईसीसी-महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' चुना गया था।



### प्रतिका शीर्ष 30 में

चोट के कारण विश्व कप के बाकी मैचों से बाहर हुई भारतीय सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल 564 की रेटिंग के साथ शीर्ष 30 (27वें स्थान) में पहुंच गईं। इस विश्व कप में स्पिन की अहम भूमिका रही है और कई गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन के बूते अपनी रैंकिंग में सुधार किया है।

### सोफी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग (747) में शीर्ष पर बनी हुई हैं। एकलेस्टोन को ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर अलाना किंग से कड़ी टक्कर मिल रही है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट लिए थे। किंग ने अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 698 के साथ पांच स्थान की छलांग लगाई, जिससे उनकी टीम की साथी गार्डनर एक स्थान फिसलकर तीसरे (689) स्थान पर आ गईं। पाकिस्तान की नशरा संधू दक्षिण अफ्रीका की बायें हाथ की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा (610) के साथ संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रहीं, जबकि तेज गेंदबाज मारिजन काप और सदरलैंड भी एक-एक स्थान के सुधार के साथ क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर पहुंच गईं।

प्रतियोगिता

# छह भारतीय मुक्केबाज युवा एशियाई खेलों के फाइनल में

### 15 वर्षीय खुशी चंद ने मंगोलियाई बॉक्सर अल्तांगदास को 5-0 से हराया

(भाषा) ▶▶| मनामा (बहरीन)



भारतीय मुक्केबाजों ने मंगलवार को यहां युवा एशियाई खेलों (एवाईजी) में शानदार प्रदर्शन किया जब छह मुक्केबाजों ने फाइनल में प्रवेश कर देश के लिए पदक पक्के किए। कई बैडमिंटन खिलाड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रहे। भारत की 15 वर्षीय खुशी चंद ने मंगोलिया की अल्तानजुल अल्तांगदास को 5-0 से हराकर लड़कियों के 46 किग्रा वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह पक्की कर ली। अब वह बृहस्पतिवार को खिताबी मुकाबले में चीन की चेन फांग-यू से भिड़ेंगी। लड़कियों के 54 किग्रा वर्ग में चंद्रिका पुजारी ने कजाखस्तान की रमीना मखानोवा को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया और अब उनका सामना फाइनल में उज्बेकिस्तान की 15 वर्षीय कुमरिनिसो मुहम्मदोवा से होगा। हरनूर कौर का 66 किग्रा का मुकाबला भी एकतरफा रहा। उन्होंने चीनी ताइपे की लू वेन-जिंग को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत कजाखस्तान की अयाउलीम ओस्पानोवा से होगी। अंशिका ने 80 से अधिक किग्रा वर्ग में चीन की गुओ जियाकिंग को हराया। फाइनल में उनका सामना कजाखस्तान की एलनुरा कोंग्यात से होगा। लड़कियों के 50 किग्रा सेमीफाइनल में अहाना शर्मा को उज्बेकिस्तान की नाजोकत मार्डोनोवा से कड़ी टक्कर मिली लेकिन भारतीय खिलाड़ी 3-2 के खंडित फैसले से जीत दर्ज करने में सफल रही। फाइनल में उनका सामना उत्तर कोरिया की मा जोंग हयांग से होगा। लड़कों के वर्ग में लैंचेनबा सिंह ने 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में उत्तर कोरिया के एन फ्योंग गुक को 5-0 से हराकर। वह फाइनल में कजाखस्तान के झुमगली नूरमाखान से भिड़ेंगे।

### यशिता ने किर्गिस्तान की खिलाड़ी को हराया

लड़कियों की कुश्ती में 61 किग्रा वर्ग में यशिता ने किर्गिस्तान की अकाइलाई चिन्यबायेवा को 6-0 से हराकर फाइनल में पहुंचकर भारत के लिए कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया। वह फाइनल में कजाखस्तान की जैदर मुखात से भिड़ेंगी। बैडमिंटन में सूर्याक्ष रावत ने चीनी ताइपे के हुआंग ज्यून-काई को 21-14, 21-19 से हराकर दूसरे दौर की बाधा पार करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि जैसन ब्योर्न और एंजेल पुनेरा की मिश्रित युगल जोड़ी ने रामोस रोआक्विन और शाची काल्डेरोन की फिलीपींस की जोड़ी को 21-10, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। लड़कियों के एकल वर्ग में वेन्नाला कलागोटला ने फिलीपींस की ईव बेजसा को 21-10, 21-12 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि लड़कों के एकल वर्ग में टंकारा तलासिला ने फिलीपींस की प्रतिद्वंद्वी को आसान जीत के साथ अंतिम आठ में जगह बनाई।

# कलकल ने रचा इतिहास, फ्री स्टाइल में जीता गोल्ड, उज्बेकिस्तान के पहलवान को हराया

एजेंसी ▶▶| नोवी साद

भारतीय पहलवान सुजीत कलकल ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पुरुषों की फ्री स्टाइल 65 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सुजीत ने खिताबी मुकाबले में उज्बेकिस्तान के उमिदजोन जालोलोव को एकतरफा अंदाज में 10-0 से हराया। दोनों पहलवानों के बीच यह मुकाबला चार मिनट 54 सेकेंड तक चला, जिसके बाद रेफरी ने भारतीय पहलवान को विजेता घोषित किया।

सुजीत ने इस तरह उज्बेकिस्तान के पहलवान पर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की। इससे पहले सुजीत ने कभी विश्व खिताब नहीं जीता था, लेकिन उन्होंने 2022 और 2025 में अंडर-23 एशिया खिताब और 2022 में अंडर-20 एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। सुजीत ने पिछले साल इसी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, लेकिन इस बार वह पदक का रंग बदलने में सफल रहे।



# आईसीयू से बाहर आए अय्यर, हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** भारत की वनडे टीम की उप कप्तान श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है और उनकी हालत स्थिर है, जिससे उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता कम हो गई है। उन्हें तिल्ली की चोट (स्प्लीनिक रप्चर) और पसली में चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीसीसीआई के सूत्र ने बताया, 'उन्हें आईसीयू से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है और सिडनी के अस्पताल से छुट्टी मिलने में उन्हें कुछ दिन और लग सकते हैं।' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान हर्षित राणा की गेंद पर एलेक्स कैरी का मुश्किल कैच लेने की कोशिश में अय्यर को बाईं पसली के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। शुरुआत में वह फिजियो की मदद से मैदान से बाहर चले गए, लेकिन बाद में उनकी हालत बिगड़ गई, जिसके कारण उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बाद में किए गए परीक्षणों से पता चला कि तिल्ली में चोट लगने के कारण आंतरिक रक्तस्राव हुआ था, जिसके बाद उन्हें गहन निगरानी के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया।



आज दोपहर 3 बजे से महिला वनडे विश्व कप का सेमीफाइनल मैच

# इंग्लैंड के खिलाफ द. अफ्रीका को दिखाना होगा दम

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

लीग चरण में कुछ करीबी जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम को महिला वनडे विश्व कप के अंतिम चार के मुकाबले में अगर चार बार के चैंपियन इंग्लैंड के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका को लीग चरण में जिन दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था, उन दोनों में उसके बल्लेबाज नाकाम रहे। इन दोनों अवसरों पर उसकी बल्लेबाजी स्पिन के सामने बिखर गई।

अपने पहले मैच में 69 रन पर आउट होने के बाद निराश दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अच्छी वापसी की तथा न्यूजीलैंड, भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान पर करीबी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही। स्पिनरों के सामने उसके बल्लेबाजों का संघर्ष ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम लीग खेल में फिर से सामने आया, जिसने उन्हें 24 ओवरों में सिर्फ 97 रन पर ढेर कर दिया।





### इंग्लैंड की एलिस कैप्सी अच्छी लय में

इंग्लैंड एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका की इस कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगा और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को रोकने के लिए न केवल अपनी ऑलराउंड ताकत पर बल्कि अपनी स्पिन तिकड़ी सोफी एक्लेस्टोन, लिंसे स्मिथ और चार्ली डीन पर भी निर्भर करेगा। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल को शुरू में दबाव बनाना होगा, जबकि एलिस कैप्सी अच्छी लय में हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक पांच विकेट लिए हैं। इंग्लैंड के लिए हालांकि स्टार स्पिनर एक्लेस्टोन की चोट चिंता का विषय बनी हुई है। वह रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय चोटिल हो गई है। इंग्लैंड को उम्मीद है कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच तक पूरी तरह फिट हो जाएगी। इंग्लैंड इस मुकाबले में आत्मविश्वास के साथ उतरेगा, क्योंकि उसने इसी मैदान पर अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया था।

### द. अफ्रीका के बल्लेबाजों में निरंतरता का अभाव

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने अब तक सात मैचों में 50.16 की औसत से 301 रन बनाए हैं लेकिन उनको छोड़कर टीम के अन्य बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इंदौर में भारत के खिलाफ 101 रन की पारी खेलने वाली ताज़मिन ब्रिट्स उसके बाद से तीन बार शून्य पर आउट हुई हैं। उन्होंने विश्व कप से पहले लगातार तीन शतक लगाए थे और दक्षिण अफ्रीका को उनसे इस महत्वपूर्ण मुकाबले में ठोस शुरुआत देने की उम्मीद होगी। सुने लुस (157 रन) और मारिज़ान काप (162 रन) भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं, जिससे टीम की बल्लेबाजी की समस्या और बढ़ गई है।




# पहली बार भारत में बनेगा सुखोई यात्री विमान, अब मेड इन इंडिया से होगा हवाई सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की एविएशन इंडस्ट्री के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन (पीजेएससी-यूएसी) ने सोमवार को मॉस्को में समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत दोनों देश मिलकर सुखोई एसजे-100 पैसेंजर एयरक्राफ्ट का निर्माण भारत में करेंगे। यह पहली बार होगा, जब भारत में किसी फुल पैसेंजर एयरक्राफ्ट का प्रोडक्शन किया जाएगा। इससे पहले ऐसा प्रोजेक्ट 1961 में शुरू हुए एवीआरओ एचएस- 748 विमान के साथ हुआ था, जो 1988 में बंद हो गया था। एचएएल और रूस की पीजेएससी-यूएसी कंपनी ने 27 अक्टूबर 2025 को मॉस्को में एसजे-100 सिविल कम्यूटर एयरक्राफ्ट के निर्माण के लिए समझौता किया है। यह समझौता भारत के नागरिक उड्डयन इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत है और 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में अहम कदम है।

## भारत के विमानन इतिहास में महत्वपूर्ण कदम

*एचएएल और रूस के बीच हुआ समझौता*

*10 साल में भारत को इस कैटेगरी के करीब 550 छोटे जेट विमान की जरूरत होगी*

### घरेलू यात्रियों के लिए बनेगा 'मेड इन इंडिया' प्लेन



*इस समझौते के तहत एचएएल को भारत के घरेलू बाजार के लिए एसजे-100 बनाने का अधिकार मिलेगा। इसका मकसद सरकार की उड़ान योजना के तहत छोटी दूरी की हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करना है। विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले 10 साल में भारत को इस कैटेगरी के करीब 550 छोटे जेट विमान की जरूरत होगी, जिनमें से 200 क्षेत्रीय रूट्स के लिए और बाकी 350 भारतीय महासागर क्षेत्र व अंतरराष्ट्रीय टूरिस्ट रूट्स के लिए होंगे।*



### सुखोई एसजे-100 की खासियत

एसजे-100 एक ट्विन-इंजन, नैरो-बॉडी वाला शॉर्ट-हॉल जेट है, जो अभी 16 से ज्यादा एयरलाइन ऑपरेटरों के साथ उड़ान भर रहा है। अब तक दुनिया भर में 200 से अधिक एसजे-100 विमान बनाए जा चुके हैं।

### सुखोई में आसान सफर

- सीट क्षमता- 103 यात्री तक
- फ्लाइट रेंज- 3,530 किलोमीटर
- इंजन- ट्विन जेट इंजन
- कंट्रोल सिस्टम- डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर तकनीक
- कॉकपिट- अत्याधुनिक कंट्रोल साइड स्टिक के साथ
- सुविधा- विशाल ओवरहेड बिन्स, आरामदायक इंटीरियर, मुख्यधारा के जेट जैसी कम्फर्ट लेवल
- सिक्योरिटी- एडवांस्ड एरोडायनामिक्स और आधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस।
- एसजे-100 का प्रोडक्शन भारत में शुरू होना न सिर्फ 'मेक इन इंडिया' को नई उड़ान देगा, बल्कि देश को सिविल एविएशन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी बड़ा कदम साबित होगा।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल पर नंबर के साथ कॉलर का नाम दिखेगा

**नई दिल्ली।** अब अननोन नंबर से कॉल आने पर आपके मोबाइल स्क्रीन पर कॉलर के नंबर के साथ ही उसका नाम भी दिखेगा। वो भी बिना किसी एप यूज किए। टेलीकॉम रेगुलेटर (ट्राई) और दूरसंचार विभाग ने मोबाइल कॉल से होने वाली धोखाधड़ी रोकने के लिए यह कदम उठाया है। यह नाम वही होगा जो यूजर ने मोबाइल नंबर कनेक्शन लेते समय आईडी प्रूफ में दिया होगा। यह डिफाल्ट सुविधा होगी।

### अग्निवीरों की निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती करे

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों से कहा है कि वे पूर्व अग्निवीरों की निजी सुरक्षा एजेंसियों और प्रशिक्षण संस्थानों में भर्ती सुनिश्चित करें, क्योंकि उनके पास सशस्त्र बलों में काम करने का अनुभव है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सशस्त्र बलों में कार्यकाल पूरा करने वाले अग्निवीरों के कैरियर को दिशा देने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र भेजा है।

## चीन को घेरने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का नया दांव

# जापान के साथ साइन की क्रिटिकल मेटल की डील, ड्रैगन के उड़ गए होश!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने चीन को घेरने के लिए एक नया दांव चला है। उन्होंने जापान के साथ क्रिटिकल मेटल को लेकर बड़ा समझौता किया है। दरअसल, चीन ने रेयर अर्थ मेटल के निर्यात पर कड़े प्रतिबंध लगा रखे है। ऐसे में अमेरिका को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। यही वजह है कि अमेरिका अब चीन को घेरने के जापान का सहारा ले रहा है। अमेरिका और जापान ने मंगलवार को जरूरी और रेयर-अर्थ मिनरल्स के प्रोडक्शन और सप्लाई में सहयोग के लिए एक एग्रीमेंट पर साइन किए। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के टैरिफ के जवाब में चीन के रेयर अर्थ और चिप बनाने वाले इक्विपमेंट पर एक्सपोर्ट कंट्रोल कड़ा करने के फैसले के बाद उठाया गया है। यह डील ट्रंप के टोक्यो दौरे के दौरान हुई, जहां उन्होंने जापान की नई प्रधानमंत्री सुनाए ताकाइची से पहली बार मुलाकात की। जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों ने घरेलू इंडस्ट्रीज, जिसमें एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और उनके संबंधित इंडस्ट्रियल बेस शामिल हैं।

चीन में दुनिया के 90% दुर्लभ पृथ्वी धातुओं का प्रसंस्करण करता है

ट्रंप के लिए जापान ने की नोबेल पुरस्कार की मांग

ट्रंप ने जमकर की जापान की पीएम की सराहना



### चीन का रेयर अर्थ मेटल के 90% हिस्से पर कब्जा

चीन दुनिया के 90% रेयर अर्थ को प्रोसेस करता है। उसने हाल ही में एक्सपोर्ट पर पाबंदियां बढ़ा दी हैं, और अपनी कंट्रोल लिस्ट में नए एलिमेंट्स जोड़े हैं। उन्होंने उन विदेशी प्रोड्यूसर्स पर भी अपनी निगरानी कड़ी कर दी है जो चीनी मटेरियल पर निर्भर हैं। इसके उलट, अमेरिका में सिर्फ एक ही रेयर अर्थ माइन चालू है और वह इलेक्ट्रिक गाड़ियों और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग के लिए जरूरी मिनरल्स को सुरक्षित करने की दौड़ में लगा हुआ है। ट्रंप गुरुवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलेंगे। अपने एग्रीमेंट में, अमेरिका और जापान इस बात पर सहमत हुए कि वे परमिट पाने और रेयर अर्थ और जरूरी मिनरल्स को सुरक्षित करने के लिए प्रोसेस और टाइमलाइन को आसान बनाएंगे और उनमें ढील देंगे, और साथ ही गलत ट्रेड प्रैक्टिस और नॉन-मार्केट पॉलिसीज पर भी ध्यान देंगे। यूएस ने कहा कि दोनों देश एक स्टॉकपाइलिंग एग्रीमेंट पर भी विचार करेंगे जो दोनों के लिए फायदेमंद होगा और सप्लाई चेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दूसरे इंटरनेशनल पार्टनर्स के साथ काम करेंगे।

### नोबेल के लिए ट्रंप को मिला नया साथी

इस लिहाज से पाकिस्तान, इस्राइल और की तरह ही जापान भी अब उन देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने ट्रंप के लिए नोबेल शांति पुरस्कार देने के लिए आवाज उठाई है। अमेरिकी राष्ट्रपति मंगलवार को टोक्यो में अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन पर तैनात सैनिकों से भी मिलने वाले हैं। इससे पहले सोमवार को उन्होंने जापान के सम्राट से औपचारिक मुलाकात की थी। ट्रंप इससे पहले मलेशिया के कुआलालंपुर में आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल हुए, जहां उन्होंने थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुए संघर्षविराम समझौते की सराहना की।

## पाक-अफगान की बातचीत बेनतीजा

# अफगानिस्तान पर हमले करता रहेगा पाकिस्तान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तुर्की में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हुई शांति वार्ता बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। बताया जा रहा है कि वार्ता के दौरान पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का रवैया इतना अजीब और असहयोगी था कि वहां मौजूद मध्यस्थ कतर और तुर्की के प्रतिनिधि भी हैरान और नाराज हो गए। सूत्र ने बताया कि पाकिस्तानी प्रतिनिधि बातचीत की प्रक्रिया से परिचित नहीं थे, वे बार-बार अतार्किक मुद्दे उठाते रहे और कई मौकों पर असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया। वार्ता के सभी एजेंडा बिंदु पूरे हो चुके थे, लेकिन जब एक मुद्दे पर चर्चा चल रही थी, तभी पाकिस्तानी पक्ष ने गलत बर्ताव कर बैठक का माहौल बिगाड़ दिया। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी टीम के प्रमुख ने अफगान पक्ष से कहा कि वे उन सभी समूहों को नियंत्रित करें जो पाकिस्तान में हमले करते हैं।

### एक-दूसरे को ठहराया जिम्मेदार

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हुई वार्ता का उद्देश्य सीमा पर हाल ही में हुई भीषण झड़पों के बाद स्थायी शांति बहाल करना था, जिनमें दर्जनों लोगों की मौत हो गई थी। दोनों देशों ने 19 अक्टूबर को दोहा में एक संघर्षविराम समझौते पर सहमति जताई थी, लेकिन इसके बाद तुर्की और कतर की मध्यस्थता में इस्तांबुल में हुई दूसरी दौर की बातचीत में कोई साझा समाधान नहीं निकल सका।

*ट्रंप के टैरिफ के बीच बोले विदेश मंत्री*

# ऊर्जा क्षेत्र के लगातार सिकुड़ने पर जयशंकर ने चिंता जाहिर की

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आसियान सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में ऊर्जा क्षेत्र के लगातार सिकुड़ने पर चिंता जाहिर की। एस जयशंकर का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका और भारत के संबंधों में थोड़ा रूखापन आया हुआ है और अमेरिका द्वारा भारत पर रूस से तेल न खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इस दबाव के तहत अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है।

बीते हफ्ते ट्रंप ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों, रोसनेफ्ट और लुकोइल पर बैन लगा दिया, जिससे भारत को ऊर्जा आपूर्ति



प्रभावित हुई है। आसियान सम्मेलन के दौरान भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अपने बयान में बाजारों तक पहुंच, सप्लाई चेन की दिक्कतों को लेकर भी चिंता जताई। साथ ही उन्होंने कहा कि दुनिया को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी चाहिए और गाजा और यूक्रेन जैसे संघर्षों को सुलझाने की कोशिशें तेज करनी चाहिए क्योंकि इन संघर्षों की वजह से खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति खतरे में पड़ गई है। जयशंकर ने कहा कि ऊर्जा व्यापार पर लगातार रोक लगाई जा रही है, जिससे तेल बाजार में गड़बड़ी हो रही है। सिद्धांतों को चुनिंदा तरीके से लागू किया जा रहा है। अमेरिका की व्यापार नीति का जिक्र किए बिना जयशंकर ने कहा कि सप्लाई चेन की विश्वसनीयता और बाजार पहुंच चिंता बढ़ा रही है। गौरतलब है कि एक तरफ जहां ट्रंप प्रशासन द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगा दिए गए हैं, जिससे आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है।

## इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग 2025

# नौसेना प्रमुख ने कहा- महासागर राष्ट्रों और समाजों की साझा धरोहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी का कहना है कि समुद्र हमारे साझा भविष्य का दर्पण है, सुरक्षा और विकास दोनों एक साथ चलने वाले इंजन हैं। वह मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग 2025 के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे।नौसेना प्रमुख ने कहा कि समुद्र सदियों से मानवता के सबसे प्राचीन राजमार्ग रहे हैं। इन राजमार्गों ने न केवल व्यापार और संस्कृति बल्कि जिज्ञासा और साहस को भी दिशा दी है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न मित्र देशों के 30 से अधिक प्रतिनिधियों



की उपस्थिति दर्शाती है कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र का भविष्य केवल संवाद, सहयोग और पारस्परिक विश्वास से ही सुरक्षित और समृद्ध बनाया जा सकता है। नौसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि महासागर राष्ट्रों और समाजों की साझा धरोहर हैं।

## जमैका से टकराएगा 2025 का सबसे ताकतवर तूफान 'मेलिसा'

# हवा की रफ्तार 282 किमी प्रति घंटा, 6 लाख सुरक्षित जगह भेजे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

हरिकेन मेलिसा 2025 का सबसे ताकतवर तूफान बन गया है। यह कैरेबियाई देश जमैका की ओर बढ़ रहा है। इससे पहले यह हैती और डोमिनिकन रिपब्लिकन में तबाही मचा चुका है। मेलिसा से जमैका में 3, हैती में 3 और डोमिनिकन रिपब्लिक में 1 व्यक्ति की मौत हो गई है। अमेरिकी मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यह तूफान विनाशकारी और जानलेवा साबित हो सकता है। मेलिसा की रफ्तार 175 मील प्रति घंटा यानी लगभग 282 किमी/घंटा तक पहुंच गई है। इससे यह कैटेगरी-5 हरिकेन बन गया है। यह तूफानों की सबसे खतरनाक श्रेणी है। क्यूबा में 6 लाख और जमैका में 28,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया गया है। अमेरिकी वायुसेना रिजर्व के 403वें विंग के 'हरिकेन हंटर्स' ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें तूफान मेलिसा का बिल्कुल बीच का हिस्सा दिख रहा है। यह वीडियो उस समय शूट किया गया था, जब तूफान रविवार को जमैका की ओर बढ़ रहा था।

### हरिकेन मेलिसा 24 घंटे में कैटेगरी 5 का तूफान बना



मेलिसा ने शनिवार को 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलना शुरू किया था। 24 घंटे में रविवार रात तक इसकी रफ्तार 225 किमी प्रति घंटा हो गई। सोमवार रात इसकी रफ्तार 260 किमी प्रति घंटा हो गई थी जिसके यह कैटेगरी-5 तूफान बन गया। कैटेगरी 5 के तूफान को हरिकेन की सबसे खतरनाक श्रेणी माना जाता है। इसमें हवाओं की रफ्तार 252 किलोमीटर प्रति घंटा (या 157 मील प्रति घंटा) से ज्यादा होती है। इसकी हवा इतनी तेज होती है कि मजबूत कॉन्क्रीट की इमारतें भी क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। पेड़ उखड़ जाते हैं, बिजली और कम्युनिकेशन सिस्टम पूरी तरह ठप हो जाता है। समुद्र में ऊंची लहरें और तूफानी ज्वार कई मीटर ऊंचाई तक पहुंच सकता है, जिससे तटीय इलाकों में भारी बाढ़ आ जाती है। 2025 में अब तक 4 कैटेगरी 5 तूफान दर्ज किए गए हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25